# सिटी चीफ

वर्ष-14, अंक-281
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

इंदौर, रविवार 14 जनवरी 2024





**आज का विचार**

*सफल बनने के लिए सबसे पहले असफलता का डर मन में से निकालना चाहिए।*

## मिलिंद देवड़ा ने छोड़ी कांग्रेस, जयराम रमेश ने बताया कठपुतली पहचानने से किया इनकार



**सिटी चीफ ... मुंबई।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को महाराष्ट्र में बड़ा झटका लगा है। पार्टी के पूर्व सांसद और युवा नेता मिलिंद देवड़ा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।मिलिंद देवड़ा के पिता मुरली देवड़ा भी कांग्रेस के बड़े नेता रहे हैं। मिलिंद दक्षिण मुंबई से लोकसभा सदस्य रहे हैं। हालांकि पिछले दो चुनावों (2014 और 2019) में उन्हें भाजपा-शिवसेना गठबंधन के उम्मीदवार अरविंद सावंत के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा है। मिलिंद देवड़ा से इस बड़े फैसले के पीछे उद्धव ठाकरे का जिम्मेदार माना जा रहा है। दरअसल, इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे के दौरान उद्धव ने कहा है कि दक्षिण मुंबई सीट वे अपने पास रखा चाहते हैं, क्योंकि वहां से अभी उद्धव गुट के अरविंद सावंत सांसद है।

## टक्कर मारने के बाद आटो को 50 फीट तक घसीटता ले गया डंपर चालक, दो की मौत



**सिटी चीफ ... ग्वालियर** रफ्तार फिर जान की दुश्मन बन गई। इस बार तेज रफ्तार डंपर ने सामने से आ रही आटो में टक्कर मारी। डंपर का चालक इतना बेपरवाह था, उसने भागने के चक्कर में टक्कर होने के बाद भी ब्रेक नहीं मारे। आटो को करीब 50 फीट तक घसीटता ले गया। इस हादसे में आटो चालक और महिला यात्री की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में मृतका की शिनाख्त शनिवार रात तक नहीं हो सकी। यह घटना शुक्रवार-शनिवार मध्य रात्रि तानसेन रोड की है। पड़ाव थाना पुलिस ने डंपर चालक पर एफआइआर दर्ज कर ली है। डंपर जब्त कर लिया है।हजीरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ट्रिपल आइटीएम के पीछे मंगलम इंक्लेव में रहने वाले 48 वर्षीय राजवीर सिंह चौहान पेशे से आटो चालक थे। वह रात में आटो चलाते थे। रात को हजीरा से महिला को आटो में बैठाया। आटो से महिला को लेकर लश्कर की ओर जा रहे थे। जैसे ही आटो तानसेन रोड पर पहुंची तो हजीरा की ओर से आ रहे डंपर यूपी 93 एटी 6841 के चालक ने टक्कर मार दी। आटो चालक ने बचने की कोशिश की, लेकिन डंपर चालक ने न स्टेयरिंग मोड़ी न ही ब्रेक मारे। आटो में सामने से टक्कर मारी। इसके बाद आटो को करीब 50 फीट तक घसीटता ले गया। महिला झटके के साथ उछलकर कांच फोड़ती हुई ट्रक से टकराई। महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। डंपर छोड़ चालक भाग गया। यहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। किसी तरह महिला और आटो चालक को बाहर निकाला। आटो चालक को अस्पताल ले गए, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। आटो चालक की तो पहचान हो गई, लेकिन मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी। आटो चालक के शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों के सुपुर्द कर दिया है। महिला का शव पोस्टमार्टम हाउस में रखा है। मृतका की शिनाख्त के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। आस्ट्रेलिया का वीजा मिला तो दोस्तों के साथ की शराब पार्टी, सड़क पर मारी वाहन चालकों को टक्कर रात करीब 9.30 बजे बहोड़ापुर इलाके से कार गुजर रही थी। कार काफी तेज रफ्तार में थी। कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुकान में जा घुसी। यहां चार युवक खड़े थे, जो टक्कर लगने से घायल हो गए। कार हरविंदर सरन के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस ने जब पड़ताल की तो सामने आया वह पार्टी मनाने के लिए निकला था। आस्ट्रेलिया का वीजा मिलने की खुशी में वह पार्टी मनाने गया था। शराब पार्टी की और फिर नशे में गाड़ी दौड़ाई। इस मामले में पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर ली है।

# दिल्ली में अंगीठी जलाकर सो रहे 6 लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में लोग ठंड से बचने के लिए अंगीठी का सहारा ले रहे हैं। लेकिन यहीं अंगीठी उनकी मौत की वजह भी बन रही है। अंगीठी जलाकर सोने की वजह से 2 अलग-अलग घटनाओं में 6 लोगों की मौत हुई है। बाहरी दिल्ली के अलीपुर में अंगीठी जलाकर सो रहे 4 लोगों की मौत हुई है। यहां पति-पत्नी और 2 बच्चों की मौत हुई है। ये लोग रात को अंगीठी जलाकर सो रहे थे। सुबह पड़ोसियों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सभी की अंगीठी की वजह से मौत हुई है। दिल्ली के अलीपुर में अतिरिक्त डीसीपी (बाहरी उत्तर) बी भरत रेड्डी ने बताया, प्रारंभिक जांच के अनुसार, अंगीठी (कोयला भट्टी) का धुआं उनके कमरे में भर जाने के बाद एक ही परिवार के दो बच्चों सहित चार लोगों की संदिग्ध रूप से दम घुटने से मौत हो गई। यहां 2 वयस्कों और 2 बच्चों की मौत हो गई है। फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है, अंगीठी के नमूने एकत्र किए गए हैं। संदेह है कि उनकी मौत दम घुटने से हुई है। हर पहलू से जांच चल रही है। **इंद्रपुरी में भी 2 लोगों की मौत** पश्चिमी दिल्ली के इंद्रपुरी में भी अंगीठी की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हुई है। सी 68 ऊषा इंस्टीट्यूट के पास ये हादसा हुआ है। मृतकों की पहचान 22 साल के अभिषेक और 54 साल के सोम बहादुर के रूप में हुई है। दोनो अंगीठी जलाकर कमरे में सोए हुए थे।

## मप्र के श्रद्धालुओं से भरी बस रामेश्वरम में दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत, 19 घायल

**सिटी चीफ...भोपाल ।** तीर्थ यात्रा पर निकले मध्य प्रदेश के श्रद्धालुओं से भरी एक बस शनिवार को तमिलनाडु में रामेश्वरम के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बस में सवार दो महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 19 श्रद्धालु घायल बताए जा रहे हैं। इसमें से चार लोग गंभीर घायल हुए। घायलों का रामेश्वरम और मदुरै के अस्पताल में इलाज चल रहा है। तीर्थ यात्रा पर निकले मध्य प्रदेश के श्रद्धालुओं से भरी एक बस शनिवार को तमिलनाडु में रामेश्वरम के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बस में सवार दो महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 19 श्रद्धालु घायल बताए जा रहे हैं।

# सीएम मोहन यादव ने उज्जैन के गुरुद्वारे में मत्था



**सिटी चीफ... उज्जैन।** सीएम मोहन यादव ने गुरु साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में उज्जैन के फ्रीगंज स्थित गुरुद्वारे में आयोजित कीर्तन दरबार में सहभागिता कर मत्था टेका एवं सभी को शुभकामनाएं दीं। साथ ही प्रदेश व देशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। सीएम ने कहा कि जब-जब इस देश को चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, तब-तब हमारी गुरु परंपरा ने हमारी संस्कृति को धन्य किया है। यह हमारा सौभाग ?य है कि हमारी मानवता, हमारे धर्म की रक्षा के लिए सारे कष्टों की पराकाष्ठा सहते हुए गुरु परंपरा ने भारत माता का मस्तक कभी झुकने नहीं दिया। मकर संक्रांति का पावन पर्व चल रहा है। हमने इस बार की मकर संक्रांति के पर्व को पूरे सप्ताह मनाने का निर्णय लिया है और इस बार की मकर संक्रांति महिला सशक्तिकरण पर आधारित है, इसी क्रम में हमने लाड़ली बहनों के खाते में पैसे भी डाले हैं।



## श्री राम जनार्दन मंदिर में की सफाई


## भावपूर्ण श्रद्धांजलि

एक कविता मां के लिए

घुटनों से रेंगते रेंगते कब पैरों पर खड़ा हुआ,
तेरी ममता की छांव में,
जाने कब बड़ा हुआ
काला टीका दूध मलाई
आज भी सब कुछ वैसा है
मैं ही मैं हूं हर जगह ये प्यार तेरा कैसा है
सीधा साधा भोला भाला
मैं ही सबसे अच्छा हूं कितना भी हो जाऊं बड़ा
मां मैं आज भी तेरा बच्चा हू



# स्व. श्रीमती सरला देवी मिश्रा

स्वर्गवास 14.1.2020

चतुर्थ पुण्यस्मरण

**श्रद्धांनावत**

मिश्रा परिवार

CCN GROUP

News सिटी चीफ · अभिप्राय मीडिया फाउन्डेशन · CCN CABLE

## सिंगल कॉलम

### लकड़ी के खंभे से पीटकर कर दी थी हत्या, दोषी को आजीवन कारावास



*हत्या के चार साल से ज्यादा पुराने मामले में द्वितीय सत्र न्यायाधीश चंद्रकिशोर बारपेटे ने एक आरोपित को दोषी पाने के बाद आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दण्डित किया। एजीपी अखिलेश मंडलोई ने बताया 18 सितम्बर 2019 को बागली पुलिस को सूचना मिली थी कि बरझाई के ग्राम कोटड़ा में लोकेश पुत्र अमृतसिंह के खेत की मेड़ पर हरिसिंह का शव पड़ा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। मृतक की पत्नी नर्मदाबाई ने बताया ग्राम के डोलबाबा का कार्यक्रम था और उसके पति को संजय उर्फ संजू पुत्र विक्रमसिंह कोरकू निवासी ग्राम कोटड़ा बुलाकर ले गया था। इसके बाद रात भर हरिसिंह घर नहीं आया और सुबह मौत की जानकारी मिली। जांच में यह पता चला कि संजय ने हरिसिंह के साथ शराब पी थी, विवाद होने पर संजय ने हरिसिंह की लकड़ी के खंभे से पीटकर हत्या की दी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने संजय को दोषसिंद्ध करार दिया और हत्या के आरोप में आजीवन कारावास एवं 10 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा से दण्डित किया। साथ ही धारा 201 में 3 वर्ष के कठोर कारावास व 5 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया।*

### मरघट-कब्रस्तान विवाद, आमने-सामने हुए दो पक्ष, घंटों रहा तनाव



*देवास। शहर के स्टेशन रोड स्थित मरघट-कब्रस्तान विवाद वाले स्थान में एक शव गाड़ने की तैयारी को लेकर शनिवार को तनाव के हालात बन गए। हिंदूवादियों को शव गाड़ने के लिए गड्ढा खोदने की सूचना मिल गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। इस दौरान एक जनाजा भी वहां पहुंचा लेकिन भारी विरोध के चलते जनाजे को अंदर नहीं जाने दिया गया। करीब 3 घंटे तक जनाजा सड़क पर रखा रहा, जिसके चलते मौके पर तनाव के हालात रहे। शाम करीब 5 बजे प्रशासन, पुलिस और दोनों पक्षों की बातचीत के बाद जनाजे को कर्मचारी कालोनी कब्रस्तान ले जाया गया। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे हिंदू वादी संगठनों के कार्यकर्ताओं को स्टेशन रोड स्थित विवादित स्थल में गड्ढा खोदने की जानकारी मिली। इसके बाद बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचने लगे। सूचना मिलते ही एएसपी, सीएसपी व अन्य अधिकारियों के साथ शहर के सभी थानों के टीआई फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। साथ ही एसडीएम और तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे। आधे घंटे बाद ही विवादित स्थल के द्वार के बाहर जनाजा आ गया, जिसके साथ बड़ी संख्या में मुस्लिम समाजजन भी थे। वे जनाजा लेकर अंदर जाना चाहते थे लेकिन गेट के बाहर जमे हिंदू समाजजन ने उन्हें ऐसा नहीं करने दिया।*

### देशभर के टाप-10 थानों में देवास का सिविल लाइन थाना भी है शामिल




*जुलाई माह में क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्किंग सिस्टम (सीसीटीएनएस) में दर्ज अपराधों के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर गवर्नमेंट आफ इंडिया मिनिस्ट्री आफ होम अफेयर्स के तत्वाधान में सर्वे टीम के द्वारा देश में घटित होने वाले अपराधों और उन पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयों तथा थाने के रखरखाव आदि के संबंध में कुछ उत्कृष्ट थानों का चयन किया गया था। इसमें मध्य प्रदेश से चयनित दो थानों में एक थाना सिविल लाइन देवास रहा। टीम के द्वारा किए गए सर्वे के आधार पर सभी मानकों पर खरा उतरते हुए सिविल लाइन थाना ने वर्ष 2023 में देश के उत्कृष्ट 10 थानों में स्थान प्राप्त किया है। यह जानकारी देते हुए टीआई अजय चानना ने बताया डीजी आईजी कांफ्रेंस के दौरान जिला देवास द्वारा प्राप्त की गई इस उपलब्धता के संबंध में अवगत कराया गया। खास बात यह है कि सिविल लाइन थाने का 7 साल में स्वयं का भवन नहीं बन सका है। वर्तमान में थाना भवन लोनिवि के कक्षों में संचालित हो रहा है।*

# राम भक्तों के लिए खुशखबरी.... 10 फरवरी से इंदौर से अयोध्या तक चलेगी स्पेशल आस्था ट्रेन



**सिटी चीफ...इंदौर।** अयोध्या में राम मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद देशभर से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेंगे। इंदौर से स्पेशल आस्था ट्रेन 10 फरवरी से अयोध्या तक चलेगी। शुक्रवार रात में सोशल मीडिया एक्स पर रेल राज्य मंत्री दर्शना जरदोश ने यह जानकारी पोस्ट की है। जनवरी से मार्च तक देशभर से अयोध्या के लिए स्पेशल आस्था ट्रेन चलाई जानी है। इंदौर से भी फरवरी में स्पेशल ट्रेन अयोध्या तक चलेगी। हालांकि अब तक इसका रूट तय नहीं हो सका है। रेल राज्य मंत्री के एक्स पर पोस्ट के अनुसार इंदौर के अलावा उधना (सूरत)-अयोध्या, मेहसाणा-सलारपुर, वापी-अयोध्या, वडोदरा-अयोध्या, वलसाड़-अयोध्या के बीच भी अलग-अलग तारीखों से स्पेशल यात्री ट्रेनें चलाई जाएंगी। गौरतलब है कि इंदौर से अयोध्या तक सीधी ट्रेन चलाने की मांग लगातार की जा रही है। जनप्रतिनिधियों से लेकर कई संगठन सीधी ट्रेन शुरू करने की मांग कर चुके हैं। सूत्रों को कहना है कि इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आइआरसीटीसी) द्वारा भी आस्था ट्रेन का संचालन किया जा सकता है। आइआरसीटीसी वर्तमान में भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन कर रहा है। इसमें भारत के विभिन्न पर्यटन और धार्मिक स्थलों की यात्रा कराई जा रही है। संभावना है कि भारत गौरव पर्यटक ट्रेन की तरह ही आस्था ट्रेन का संचालन किया जा सकता है। वैसे भी जनवरी से मार्च के बीच आस्था स्पेशल ट्रेन का संचालन होना है।

# सिंहस्थ से पहले संवारे जाएंगे इंदौर जिले के पर्यटन स्थल

## सिक्स लेन बनेगी इंदौर-उज्जैन सड़क



*सिटी चीफ...इंदौर। सिंहस्थ-2028 को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। इंदौर जिले में होने वाले विकास कार्यों को लेकर विभिन्न विभागों ने प्रस्ताव तैयार किए है। इन प्रस्तावों की समीक्षा शनिवार को कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा की गई। मप्र औद्योगिक विकास निगम द्वारा इंदौर-उज्जैन सड़क को सिक्स लेन बनाने का प्रस्ताव बनाया गया है, ताकि श्रद्धालुओं का आवागमन आसान हो सके। इसके अतिरिक्त जिले के पर्यटन स्थलों को भी संवारा जाएगा। इंदौर जिले में सिंहस्थ-2028 से पहले कई विकास कार्य किए जाना हैं। प्रशासनिक संकुल में शनिवार को कलेक्टर आशीष सिंह ने सिंहस्थ-2028 के लिए विभिन्न विभागों द्वारा तैयार किए गए प्रस्तावों की समीक्षा की। मुख्य रूप से मंदिरों एवं स्मारकों के नवीनीकरण, शिप्रा शुद्धीकरण, मेला क्षेत्र विकास, सड़कें और पुल-पुलियाओं का नवनिर्माण, सड़क चौड़ीकरण, नदी व जल निकायों का विकास, पीने के पानी की व्यवस्था,*



*पावर स्टेशन और विद्युत लाइन, स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी विकास, सुंदरीकरण, फायर स्टेशन आदि के संबंध में विभागों द्वारा तैयार प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इंदौर विकास प्राधिकरण, इंदौर नगर निगम, पुलिस विभाग, मप्र औद्योगिक विकास निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। बैठक में निगमायुक्त हर्षिका सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, आइडीए सीईओ आरपी अहिरवार, अपर कलेक्टर रोशन राय और निशा डामोर सहित विकास कार्यों से जुड़े विभागों के अधिकारी मौजूद थे।*

# गैंगस्टर ने हिंदू संगठन से जुड़े व्यक्ति को धमकी दी, डीसीपी ने एक शूटर को पकड़ा




**सिटी चीफ...इंदौर।** विधानसभा चुनाव से सक्रिय गैंगस्टर ने हिंदू संगठन से जुड़े एक व्यक्ति को धमकी दी है। आरोपित गोली मारने की धमकी देकर प्लाट मांग रहा था। शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच ने गुंडे के साथी शूटर को तो पकड़ लिया, लेकिन वह फरार हो गया। छापे की सूचना से खलबली मची और विधायक समर्थक मध्यस्थता करवाने पहुंच गया। एडिशनल डीसीपी (अपराध) राजेश दंडोतिया के मुताबिक द्वारकापुरी निवासी प्रकाश सेजवानी से प्लाट को लेकर विवाद चल रहा था। तीन दिन पूर्व गैंगस्टर सतीश भाऊ ने प्रकाश को धमकाया। काल तो उसके साथी रवि चिकलिस का फोन लगा, लेकिन बात गैंगस्टर ने की। उसने एक प्लाट की मांग की और जान से मारने की धमकी दी। प्रकाश हिंदू संगठन से जुड़े हैं। क्राइम ब्रांच में शिकायत की गई। डीसीपी (अपराध) निमिष अग्रवाल के छुट्टी पर होने के कारण प्रभार जोन-1 के डीसीपी आदित्य मिश्रा के पास है। डीसीपी ने टीम गठित कर तलाश शुरू करवा दी। फरियादी के मार्फत सतीश को बुलाया, लेकिन वह रवि को लेकर फरार हो गया। साइबर सेल ने तकनीकी जानकारी निकाल कर सतीश गिरोह के शूटर गब्बर चिकना को पकड़ लिया। जयहिंद नगर निवासी गब्बर उर्फ कैलाश विजय सिंह को केस दर्ज कर जेल भेज दिया। सूत्रों के मुताबिक सतीश भाजपा नेताओं के संपर्क में है। विधायक समर्थक राजेश के माध्यम से फरियादी की एफआइआर रोक ली।

# क्रिकेट की सियासत में आकाश विजयवर्गीय की एंट्री आईडीसीए अध्यक्ष बने



**सिटी चीफ...इंदौर।** विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ सके पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने अब क्रिकेट की सियासत में अपनी नई पारी प्रारंभ की है। इंदौर संभागीय क्रिकेट संगठन (आइडीसीए) के शनिवार को हुए चुनावों में आकाश को नया अध्यक्ष चुना गया है। इस कुर्सी पर अब तक आकाश के पिता और मप्र के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय काबिज थे। जिमखाना मैदान पर शनिवार शाम आइडीसीए की चुनावी एजीएम संपन्न हुई। विजयवर्गीय वर्ष 2008-09 से आइडीसीए के अध्यक्ष हैं। बीते कई चुनावों से वे क्रिकेट की सियासत से दूर होने की बात कहते रहे हैं, लेकिन सदस्यों द्वारा अध्यक्ष पद पर उनका मनोनयन किया जाता रहा। बैठक के दौरान सदस्यों ने विजयवर्गीय से संगठन के मैदान की मांग रखी। विजयवर्गीय ने कहा कि इसके लिए कैबिनेट से मंजूरी लेनी होगी। तकनीकी दिक्कत यह होगी कि आइडीसीए अध्यक्ष के रूप में मैं नगरीय प्रशासन मंत्री को पत्र लिखूंगा, जो कि मैं खुद हूं। याचिका भी मेरी होगी और अनुमति भी मैं ही दूंगा। ऐसे में मेरा सुझाव है कि किसी अन्य को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जाए। ऐसे में आकाश विजयवर्गीय को अध्यक्ष बनाने की सहमति बनी। कैलाश विजयवर्गीय मुख्य संरक्षक रहेंगे। उल्लेखनीय है कि आकाश के क्रिकेट की सियासत में आने की चर्चा लंबे समय से थी। मगर तब वे इंदौर के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक तीन के विधायक थे। इस बार पिता को टिकट मिलने के बाद उन्हें भाजपा से टिकट नहीं मिला था। वैसे नेता पुत्रों का क्रिकेट की

### पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने खुद को आग लगाकर की आत्महत्या

इंदौर के जूनी इंदौर क्षेत्र में एक युवक ने पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर खुद को आग लगा ली। वह 80 प्रतिशत जल गया। परिजन उसे अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी मौत हो गई। पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने आत्महत्या की। उसकी पत्नी पाकिस्तान से विस्थापित होकर भारत आई थी और युवक से शादी की थी। जूनी इंदौर में रहने वाले सुनील लोहानी की शादी वर्ष 2018 में हुई थी। कुछ दिनों बाद ही पति व पत्नी के बीच विवाद होता था। आए दिन होने वाले विवाद से सुनील तनाव में रहने लगा था। शुक्रवार रात उनसे खुद के शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया और आग लगा ली। ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे देखा।

# शिवराज का आना और मेंदोला का न जाना

**सिटी चीफ...इंदौर।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का एक बयान इन दिनों काफी चर्चा में है। उन्होंने कहा था कि पद से हटो तो पोस्टरों से फोटो ऐसे गायब होते हैं जैसे गधे के सिर से सींग। उनके इस बयान को पिछले दिनों उनकी इंदौर यात्रा के दौरान भी महसूस किया गया। पिछले दिनों वे अचानक इंदौर आए। एयरपोर्ट पर देर रात उनसे मिलने वालों का तांता लगा रहा। शिवराज का स्वागत करने वालों से ज्यादा चर्चा इस बार एयरपोर्ट पर न पहुंचने वालों की हो रही है। दरअसल, मुख्यमंत्री रहते शिवराज का स्वागत करने में सर्वोपरि रहने वाले विधायक रमेश मेंदोला इस बार विमानतल पर नजर नहीं आए। उनके न आने को लेकर राजनीतिक गलियारों में खास चर्चा हो रही है। मेंदोला के साथ ही दो नंबर विधानसभा का कोई अन्य नेता और पार्षद भी नहीं पहुंचा। देश में आधी आबादी को पूरा सम्मान देने के तमाम प्रयास हो रहे हैं। प्रदेश की बेटियां भी लगातार आगे बढ़ रही हैं।




मप्र की लड़कियों ने हाल ही में क्रिकेट के मैदान में डंका बजाते हुए राष्ट्रीय चैंपियन होने का गौरव हासिल किया। बेटियों की इस उपलब्धि की वैसी चर्चा क्रिकेट के गलियारों में नहीं हुई, जैसी बेटों की जीत पर देखी गई। बहुत साल पहले जब 16 साल के लड़कों की टीम चैंपियन बनी थी तो विजयी जुलूस में सब नाचे थे। कुछ साल पहले रणजी टीम की जीत पर भी भव्य जश्न बना था। मगर इस बार न ऐसा तामझाम दिखा न पुरस्कारों की बारिश नजर आई। नियमानुसार सम्मान तो सालाना कार्यक्रम में मिलेगा ही, लेकिन जोरदार जश्न भी मनता तो बेटियों की मुस्कुराहट ज्यादा होती। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से मालवा के करीब 115 अतिविशिष्ट लोगों को भेजा गया है। इनमें इंदौर के करीब 20 अतिथि शामिल हैं। अतिथियों में जाने-माने उद्योगपति और कोल कारोबारी विनोद अग्रवाल भी शामिल हैं। अग्रवाल चार्टर्ड प्लेन से अयोध्या जाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने अयोध्या प्रशासन से अनुमति भी मांगी है। अगर अनुमति मिल जाती है तो वे अपने साथ इंदौर से आमंत्रित अन्य हस्तियों को भी ले जा सकेंगे। हालांकि अनुमति मिलती है या नहीं, यह फिलहाल तय नहीं है। अग्रवाल के सबको साथ लेकर जाने के प्रयास की शहर के प्रबुद्धजनों में काफी चर्चा हो रही है। इंदौर में जिन लोगों को अयोध्या जाने का निमंत्रण मिला है उनमें पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ताई, पूर्व राज्यपाल वीएस कोकजे, सुशील दोशी व अन्य शामिल हैं।

**नए कलेक्टर सबको साथ लेकर चलेंगे या सिर्फ सीएम की सुनेंगे-** मध्य प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद से ही अधिकारियों के तबादलों का दौर चल रहा है। अफसरों के तबादले में वे एक 'तीर से दो शिकार' वाली कहावत चरितार्थ कर रहे हैं। स्थानीय नेताओं के कहने पर वे उनके जिले में पुराने अधिकारी को बदल दे रहे हैं, पर नया अधिकारी अपनी पसंद का भेज रहे हैं। इंदौर कलेक्टर के मामले में भी ऐसा ही हुआ है। प्रदेश सरकार के एक कद्दावर मंत्री के कहने पर उन्होंने कलेक्टर इलैया राजा टी का तबादला करके आशीष सिंह को इंदौर का नया कलेक्टर बना दिया। आशीष सिंह के बारे में कहा जाता है कि वे सबको साथ लेकर चलने वाले अधिकारी हैं। अब वे इंदौर में स्थानीय मंत्री या अन्य जनप्रतिनिधियों की बात को तवज्जो देते हैं या मनीष सिंह की तरह सीएम के इशारों पर काम करते हैं। इसे लेकर प्रशासनिक से लेकर राजनीतिक हल्कों तक में चर्चा सुनी जा सकती है।

# न्यायिक अधिकारियों का सम्मेलन शुरू, जस्टिस सुरेंद्र खन्ना बोले- फैसला देते वक्त ध्यान रखें कि पढ़ने वाला आम इंसान

**सिटी चीफ भोपाल।**




सुपीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने शनिवार को इस बार पर चिंता जताई कि न्यायाधीशों को मिलने वाली सुविधाएं और भत्ते पहले से ज्यादा हैं, लेकिन न्याय न जाने कब सही होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए न्यायाधीशों को दोनों पक्षकारों को समान नजर से देखना होगा। दोनों को अपनी बात रखने और साक्ष्य प्रस्तुत करने का समान रूप से मौका देना होगा। यह बात उन्होंने मप्र के अब तक के सबसे बड़े राज्य न्यायिक अधिकारियों के वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कही। उन्होंने मध्य प्रदेश न्यायाधीश संघ के नए लोगो और आदर्श वाक्य का विमोचन करते हुए न्यायाधीशों को सलाह दी की कोई भी निर्णय देते समय ध्यान रखना होगा कि वह सरल और साफ शब्दों में हो, जिससे आम लोगों को पढ़ने में दिक्कत न हो। इसके साथ ही उन्होंने मेडिटेशन को बढ़ावा देने की बात कही। उनके साथ न्यायाधीश जस्टिस अनिरुद्ध बोस, जस्टिस जेके माहेश्वरी और मप्र उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस रवि मालिमठ भी मौजूद थे। पिछली कांफ्रेंस से अलग वहीं मध्यप्रदेश न्यायाधीश संघ के सचिव सुबोध जैन ने कहा कि मप्र न्यायाधीश संघ 1998 में अस्तित्व में आया और यह 10वीं कान्फ्रेंस है। यह पिछली कान्फ्रेंस से अलग है। कार्यक्रम में रविवार को न्यायपालिका को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर चर्चा होगी। बता दें कि पहली बार इतनी बड़ी संख्या में यहां न्यायाधीश जुटे हैं। इसमें सुप्रीम कोर्ट के छह, हाईकोर्ट के 40 और सभी जिला कोर्ट के 1500 न्यायाधीश उपस्थित हैं।

विजन 2047 का अर्थ मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि मालिमठ ने कहा कि 2047 में हमारे देश को आजाद हुए पूरे 100 साल हो जाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि 2047 तक प्रदेश में एक भी प्रकरण लंबित न रहे। इस विजन के अनुसार पेंडिंग केस को जल्द खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था। शनिवार को हुए चार सेशन पहला सत्र दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक चला। इस अकेडमिक सेशन में विजन-2047 पर चर्चा हुई। शाम 4 बजे से टेक्निकल सेशन में जमानत-समता, दोबारा आवेदन, रद्दीकरण और इसी तरह से संबंधित मुद्दे पर चर्चा हुई। 4.30 बजे से तकनीकी सत्र में परीक्षण के संचालन में देरी- समस्याएं और समाधान पर चर्चा हुई। शाम 5 बजे से कोर्ट और बोर्ड प्रबंधन पर चर्चा हुई। रात 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

# मध्य प्रदेश में हितग्राहियों से संपर्क करेंगे विधायक, सांसद व अन्य जनप्रतिनिधि

**सिटी चीफ भोपाल।**




भाजपा ने मिशन-2024 की तैयारी के लिए केंद्र की योजनाओं के हितग्राहियों से सीधे संपर्क की योजना बनाई है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, मुद्रा योजना सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों की लोकसभावार सूची के आधार पर क्षेत्र के सांसद-विधायक और निकाय, जनपद व जिला पंचायत के सदस्य सहित सभी जनप्रतिनिधि इनसे प्रत्यक्ष संपर्क साधेंगे।पार्टी की तैयारी यह भी है कि इन हितग्राहियों को ही बूथ स्तर पर तैनात किया जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी नमो एप के जरिये हितग्राहियों से बात कर सकते हैं। पार्टी की तैयारी है कि लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी भले घोषित न हों, लेकिन जनवरी अंत तक हर संसदीय क्षेत्र में चुनाव कार्यालय प्रारंभ कर दिए जाने चाहिए। हर लोकसभा क्षेत्र में एक लोकसभा चुनाव प्रभारी संगठन की ओर से तैनात किया जाएगा। इसके अलावा भाजपा सरकार के एक मंत्री को भी लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। पार्टी नेताओं के मुताबिक पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम अनुकूल आने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है, लेकिन अब इस जीत की खुमारी से निकलकर लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करनी है। मार्च में आचार संहिता लगने की संभावना है। इसे देखते हुए भाजपा की कोशिश है कि चुनाव प्रबंधन से जुड़ी तैयारियां जल्द शुरू कर मार्च से पहले पूरी कर ली जाएं। इसके अलावा पार्टी लोकसभा चुनाव से पहले चलाए जाने वाले अभियान भी इसी महीने शुरू करने के प्रयास में है। हर लोकसभा सीट पर संगठन की ओर से एक नेता और सरकार बनने पर एक मंत्री को चुनाव प्रभारी बनाया जाएगा। पार्टी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी के हिसाब से केंद्र की योजनाओं के हितग्राहियों की सूची बनाने का काम लगभग पूरा कर लिया है। छिंदवाड़ा की अलग से तैयारी सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस के गढ़ छिंदवाड़ा सीट पर जीत हासिल करने के लिए पार्टी ने पहले से ही दिग्गज नेताओं को तैनात कर रखा है। गृह मंत्री अमित शाह की टीम इन क्षेत्रों पर लगातार नजर रख रही है। टीम कई बार क्षेत्र का दौरा भी कर चुकी है। आचार संहिता के पहले होंगी बड़ी घोषणाएं सूत्रों के ही मुताबिक मार्च 2024 में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने की संभावना है। पार्टी इससे पहले मतदाताओं के लिए कुछ बड़ी घोषणाएं कर सकती है।

# दुनिया की पहली साइकोलोजी बुक गीता किसी धर्म का नहीं, संपूर्ण मानवजाति का ग्रंथ - ओपी श्रीवास्तव

**सिटी चीफ भोपाल।**

मैं यहां आ रहा था तो सोचा था कि बहुत सारे ऐसे लोग श्रोता होंगे जो पालिसी मेकर हैं, लेकिन यहां सबसे अधिक स्कूल के बच्चे हैं। अच्छी बात यह है कि जो बात हम पालिसी के माध्यम से गीता के बारे में बच्चों को बताना चाहते हैं वो अब सीधे बच्चों को बता पाएंगे। यह कहना था लेखक और आइएएस अधिकारी ओपी श्रीवास्तव का। यह बात उन्होंने भारत भवन में चल रहे भोपाल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल (बीएलएफ) में गीता फार स्टूडेंट पर आयोजित सत्र में कही। सत्र में विजय अग्रवाल और ओपी श्रीवास्तव ने विस्तार से चर्चा की।ओपी श्रीवास्तव ने कहा कि दुनिया की पहली साइकोलाजी किताब गीता किसी धर्म का नहीं, मानवजाति का ग्रंथ है। गीता को उच्च ग्रंथ का दर्जा प्राप्त है। इसे हिंदू धर्म से जोड़कर देखना गलत है। गीता संसार, कर्म, व्यवहार, स्वभाव के बारे में हमे बताती है, इन्हें समझकर निश्चित ही आपको समस्याओं का समाधान मिल जाएगा। वहीं विजय अग्रवाल ने कहा कि गीता में धर्म की परिभाषा केवल कर्म को कहा गया है। उन्होंने कहा कि मेरी इच्छा थी कि मैं छात्रों के लिए गीता पर कुछ लिखूं। इसलिए मैंने गीता ज्ञान पर काम किया। बच्चों ने भी की सहभागिता बीएलएफ का दूसरा दिन रैपिड एक्शन मोड़ पर चलता रहा। इस दौरान हर घंटे भारत भवन के अधिकतर हिस्सों में चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में स्कूल, कालेज और प्रबुद्धजनों ने सहभागिता की। स्कूल के बच्चों ने जहां आर्ट और पेंटिंग प्रतियोगिता में सहभागिता कर कई पुरस्कार जीते तो वहीं कालेज विद्यार्थियों ने %स्टोरीटेलिंग% की कक्षा में सहभागिता कर अपनी कहानियां सुनाईं। पुस्तकों पर भी हुई चर्चा इधर, तीन सभागारों में पुस्तकों के लेखकों एवं विषय वक्ताओं ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह के विकास, कानून, कविता, शहरी विकास सहित लगभग 25 अन्य विषयों पर अपनी बात रखी, जिसमें अपनी रुचि के अनुसार लोगों ने सहभागिता की। इन दौरान दर्शकों ने वक्ताओं के चर्चा भी की। बैंबू मेलोडी के कलाकारों ने बांस से बने वाद्ययंत्रों के साथ सुमधुर संगीत का रस घोला। विकसित भारत के लिए समावेशी विकास का माडल आवश्यक = अमरजीत सिन्हा वरिष्ठ आइएएस अफसर अमरजीत सिन्हा की किताब द लास्ट स्माइल पर आर परशुराम और वेद आर्या ने चर्चा की। सिन्हा ने कहा कि भारत की शिक्षा का स्तर दक्षिण कोरिया, जापान, चीन सहित पूरी दुनिया में था। उन्होंने 1986-87 के सर्वे में आई महिलाओं की शिक्षा की स्थिति पर चिंता जताते हुए वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए मानव विकास, शिक्षा और समान अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने की बात पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने कोविड-19 के बाद भारत की आर्थिक स्थिति बदलाव एवं नीति आयोग के सर्वे में आए 41 करोड़ 50 लोगों के गरीबी रेखा से बाहर समावेशी विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की बात कही।

जी-20 की अध्यक्षता कर भारत ने दुनिया को अपना एजेंडा दिया = चिनाय

मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट फार डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस (आइडीएसए) के महानिदेशक सुजान आर चिनाय द्वारा लिखित पुस्तक %वर्ल्ड अपसाइड डाउन% पर पंकज सरन और शिशिर प्रियदर्शी ने उनके साथ भारत द्वारा अपनी भू-राजनीति को पुनर्गठित करने की बात पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान चिनाय ने भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ाये चलने की बात पर जोर दिया। साथ ही भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता के माध्यम से अपना एजेंडा दुनिया के लिए सेट करने को भारत की रणनीतिक विजय बताया। भारत के संग्रहालय दस साल में काफी बदले हैं = तसनीम पुस्तक %मुंबई अ सिटी थ्रू आब्जेक्ट% के लेखक इतिहासकार, क्यूरेटर तसनीम जजकारिया मेहता के साथ सुनीत टंडन ने चर्चा की। उन्होंने भारत में संग्रहालय पहले की तुलना में काफी बदलने की बात करते हुए डा. भाऊ दाजी लाड संग्रहालय (बीडीएल) द्वारा यह संभव होने की बात कही। उन्होंने 2022 में बीडीएल के 150 वर्ष होने पर इसे जश्न की तरह मनाने के लिए अपने संग्रह पर कुछ गहन शोध करने की बात कही। साथ ही 2005 में जीर्णोद्धार कार्य के लिए यूनेस्को का सर्वोच्च पुरस्कार जीतने की बात भी उन्होंने बताई।

# श्रद्धालुओं के पैर पखारते हैं, रात्रि विश्राम के साथ भोजन भी कराते हैं

**सिटी चीफ भोपाल।**



ग्राम खजूरी कलां श्री राम जानकी मंदिर समिति भोपाल के तत्वावधान में मकर संक्रांति के पावन पर्व के उपलक्ष्य में पिछले कई वर्षों से नर्मदा जी के स्नान के लिए पद यात्रा कर नर्मदापुरम जाने वाले श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया जाता है। यह परंपरा छह वर्ष पहले शुरू की गई थी। विभिन्न स्थानों से यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के सबसे पहले मंदिर परिसर में पैर पखारे जाते हैं। श्रद्धालुओं के साथ झंडे की आरती उतार कर पूजन किया जाता है। उन पर पुष्प बरसाने के बाद मिठाई खिला कर स्वागत किया जाता है। श्रद्धालुओं का रखते हैं खास ख्याल मंदिर समिति के कुबेरसिंह राजपूत ने बताया कि समिति द्वारा श्रद्धालुओं के रात्रि विश्राम के बाद उन्हें स्नान करने के लिए गर्म पानी कि व्यवस्था की जाती है। मन्दिर प्रांगण से सुबह सभी को श्री फल भेंट कर विदा किया जाता है। समस्त भक्त श्री राम का जाप करते हुए ईश्वर से संसार में सुख और समृद्धि बनाए रखने की कामना करते हैं। मंदिर परिसर में हर वर्ष यह व्यवस्था 10 जनवरी से लेकर 15 जनवरी तक 24 घंटे रहती है। रात्रि में विश्राम के दौरान भोजन की भी व्यवस्था की जाती है। ये जत्थे हुए रवाना रात्रि विश्राम के बाद सुबह श्रद्धालु श्रीराम जय राम जय जय राम का जाप करते हुए नर्मदापुरम की तरफ चल पड़ते हैं। इस वर्ष अभी तक ग्राम डुगरिया तहसील बैरसिया से धर्मेंद्र सिंह, दशरथ सिंह, बलवीर सिंह, माचल सिंह सहित 35 लोग। ग्राम अगरिया बैरसिया से हरिओम कुशवाह, कपिल यादव, दिनेश कुशवाह सहित 30 लोग। ग्राम कुठार गुनगा कालरा बैरसिया से 22 श्रद्धालुओ का जत्था। ग्राम हलाली डेम विदिशा से कपिल, राजेंद्र, विवेक राजपूत सहित 18 श्रद्धालुओ का जत्था। करेला पारसी विदिशा से 32 श्रद्धालुओं का जत्था। ग्राम रामपुरा तहसील नटेरन जिला विदिशा से भगत सिंह मीणा, लाला सिंह चिड़र, कमल सिंह चिडर सहित 27 श्रद्धालुओं का जत्था। ग्राम सलूस जिला विदिशा से दशरथ मीना, रवि शाहू राजू सहित 25 श्रद्धालुओं का जत्था यहां आकर गंतव्य को रवाना हो चुका है।

# सरपंच पुत्र ने शासकीय भूमि से निकाली 100 ट्राली पीली मिट्टी

## किसान की शिकायत पर एसडीएम ने शुरू की जांच

**सिटी चीफ भोपाल।**



राजधानी की हुजूर तहसील के अंतर्गत बरखेड़ी अब्दुल्ला में सरपंच के बेटे ने शासकीय भूमि से अवैध रूप से 100 से अधिक ट्राली पीली मिट्टी निकाली है। इसकी शिकायत गांव के एक किसान ने एसडीएम से की है। शिकायत मिलने के बाद एसडीएम ने मामले की जांच शुरू करवा दी है।पहले इस जमीन पर होती थी खेती जानकारी के अनुसार बरखेड़ी अब्दुल्ला में किसान अब्दुल अजीज के कब्जे की जमीन बंदोबस्त के समय सरकारी घोषित हो गई थी। किसान परिवार इस जमीन पर खेती करता था। किसान ने आरोप लगाया कि जमीन सरकारी होने के बाद पंचायत के सरपंच नियामत के पुत्र इरफान ने पिछले 15 दिन पहले यहां से खोदाई कर पीली मिट्टी निकाली है। किसान ने जब उससे खोदाई करने के लिए मना किया तो इरफान ने पट्टा लेने की बात कही है। किसान के मुताबिक रोकने पर सरपंच पुत्र इरफान द्वारा उसे धमकी भी दी गई। नायब तहसीलदार से मांगी रिपोर्ट विवाद बढ़ने के बाद किसान ने मामले की शिकायत हुजूर एसडीएम को दर्ज कराई थी। एसडीएम आशुतोष शर्मा ने बताया कि शिकायत के संबंध में नायब तहसीलदार से रिपोर्ट मांगी गई है। सरपंच के संरक्षण को लेकर भी जांच कराई जाएगी। अवैध उत्खनन का प्रकरण बनाकर कलेक्टर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# खुद को सीएम का करीबी बताकर तबादले, नियुक्तियों के नाम पर की ठगी, पुलिस ने आरोपित को दबोचा

**सिटी चीफ भोपाल।**



राजधानी में तबादले, पोस्टिंग आदि के नाम पर लोगों से ठगी करने करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपित खुद को सीएम डा. मोहन यादव का करीबी बताकर लोगों को मनचाही जगह पर ट्रांसफर, मलाईदार पदों पर नियुक्ति आदि का झांसा देकर मोटी रकम ऐंठ रहा था। शिकायत मिलने के बाद भोपाल क्राइम ब्रांच ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। वह इंदौर के कैसरबाग रोड का रहने वाला है और वहां पर मसाले के साथ ड्राई फरूट की दुकान चलाता है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। आरोपित अब तक कितने लोगों को ठग चुका है, फिलहाल इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपित ने खुद को आरएसएस का पूर्व प्रचारक बताया है। वह अतीत में कांग्रेस नेता और वर्तमान प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी का भी करीबी रहा है।

# रामेश्वरम में बस दुर्घटना - उज्जैन, धार की महिला श्रद्धालुओं की मौत, कई घायल, सीएम ने की आर्थिक सहायता की घोषणा

**सिटी चीफ भोपाल।**

मप्र के श्रद्धालुओं को लेकर रामेश्वरम (तमिलनाडु ) गई एक बस शनिवार रात हादसे का शिकार हो गई। दुर्घटना में उज्जैन और धार की एक एक महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। वहीं अलग अलग शहरों के 19 श्रद्धालु घायल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने प्रशासन को मृतक तथा घायलों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने को कहा है।? साथ ही प्रशासन की एक टीम मदुरै रवाना हुई है। अधिकारियों का दल सीएम के निर्देश मिलते ही मदुरै रवाना हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तमिलनाडु के रामेश्वरम में हुई बस दुर्घटना पर गहन दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति देने एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतकों के परिजनों को ?4-4 लाख, गंभीर रूप से घायलों को ?2-2 लाख तथा सामान्य घायलों को ?50-50 हजार की आर्थिक सहायता राशि देने के निर्देश प्रशासन को दिए हैं। साथ ही घायलों के समुचित उपचार के लिए भी निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बस दुर्घटना का समाचार मिलते ही उज्जैन कलेक्टर और पुलिस प्रशासन से दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता और घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर और सीएसपी को उज्जैन से मदुरै भेजा गया है।

# आवारा श्वान के हमले में मासूम की मौत के बाद चेता नगर निगम

## अयोध्या बायपास सहित विभिन्न क्षेत्रों से 52 आवारा श्वानों को पकड़ा

**सिटी चीफ भोपाल।**



अयोध्या बायपास मिनाल रेसीडेंसी क्षेत्र में आवारा श्वनों द्वारा बच्चों शिकार बनाने की घटना के बाद नगर निगम अमला एक फिर सक्रिय हो गया है।अमले ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को 52 आवारा श्वानों को पकड़ा है। घटना को लेकर मुख्यमंत्री और कलेक्टर के निर्देश के बाद नगर निगम के अमले ने आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्रवाई शुरू की है। निगमायुक्त फ्रैंक नोबल ए ने भी घटना के बाद सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद से निगम अमले ने मिनाल रेसीडेंसी, अयोध्या बायपास सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से 52 आवारा श्वानों को दबोचा है। अमले द्वारा श्वानों को पकड़ने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। नगर निगम ने आमजन से भी अमले का सहयोग करने के लिए अपील की है और आवारा श्वानों से संबंधित शिकायत करने के लिए निगम के काल सेंटर नंबर 155304 पर सूचना देने के लिए कहा है। उधर, मिनाल रेसीडेंसी में साढ़े छह माह के मासूम केशव को श्वान नोंच- नोंचकर मारने वाली घटना की जानकारी जब रहवासियों ने नगर निगम के डाग स्क्राड को दी थी तो अमला सक्रिय होकर गुरुवार को इन श्वान को पकड़ने के लिए पहुंचा था। लेकिन तब कुछ रहवासियों ने नगर निगम की कार्रवाई का विरोध किया था। कुछ पशुप्रेमियों ने तो नगर निगम अमले के साथ झूमाझटकी भी की थी। अयोध्या नगर थाना प्रभारी महेश लिल्हरे ने बताया कि नगर निगम के कर्मचारी की शिकायत पर पर रहवासी और पशुप्रेमियों पर शासकीय कार्य में बाधा समेत अन्य धाराओं में एफआइआर दर्ज की गई है। जिन पर एफआइआर हुई है, उनमें निशेज सिंह, नेहा यादव, निशा द्विवेदी, निशेज अरोरा और द्रोपदी त्रिपाठी शामिल है।जल्द ही इन आरोपितों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## संपादकीय

# शिव ने क्यों धारण किया अर्द्धनारीश्वर रूप

भगवान शिव के अनन्य भक्तों में भृंगी ऋषि का नाम प्रमुखता से लिया जाता था। भृंगी की प्रीति केवल महादेव शिव में थी। भृंगी की शिव में आस्था इतनी प्रगाढ़ थी कि वह माता पार्वती को भी भगवान शिव से अलग देखते थे। परंतु अपने इस दृष्टिकोण का भृंगी को भारी मूल्य चुकाना पड़ा था। एक बार भृंगी ऋषि, अपने इष्ट भगवान शिव की परिक्रमा करने कैलाश गए। वहां पहुंचकर भृंगी ने देखा कि महादेव ध्यान में लीन थे और उनके बाईं ओर माता पार्वती विराजमान थीं। भृंगी तो शिव की परिक्रमा करने आए थे किंतु पार्वती को साथ बैठा देखकर सोच में पड़ गए कि पार्वती को छोड़कर केवल शिव की परिक्रमा कैसे की जाए! पार्वती ने भृंगी के मन के भाव पढ़ लिए। उन्होंने मुस्कराते हुए भृंगी से कहा, 'ऋषिवर! आप सोच क्या रहे हैं? महादेव की परिक्रमा करने आए हैं, तो कर लीजिए। मैं और महादेव भी आपको आशीर्वाद देने को उत्सुक हैं।' परंतु भृंगी को यह स्वीकार नहीं था। वह केवल शिव के भक्त थे इसलिए पार्वती की परिक्रमा का तो प्रश्न ही नहीं उठता था! भृंगी को कुछ समझ में नहीं आया। उन्होंने पहले पार्वती से अनुरोध किया कि वे भगवान शिव से दूर हटकर बैठ जाएं ताकि शिव की परिक्रमा पूरी की जा सके। लेकिन पार्वती ने भृंगी का अनुरोध अस्वीकार कर दिया, तो भृंगी ने शिव और पार्वती के बीच में से बलपूर्वक निकलने का प्रयास किया ताकि पार्वती की परिक्रमा से बचा जा सके। यह देखकर पार्वती को बुरा लगा। शक्ति, भला शिव से अलग कैसे हो जातीं! उन्होंने भृंगी को अनेक प्रकार से प्रकृति और पुरुष का संबंध समझाने का प्रयत्न किया परंतु भृंगी ने हठ नहीं छोड़ा। पार्वती समझ गईं कि भृंगी को अभी तक पूर्ण ज्ञान नहीं हुआ है। उन्होंने भृंगी से कहा, 'केवल शिव, सृष्टि का स्वरूप नहीं हैं। मैं आदिशक्ति हूं। मेरे और शिव के संयोग से यह सृष्टि बनी है। इसलिए हम दोनों की परिक्रमा कीजिए।' यह कहकर पार्वती, शिव के इतना निकट आ गईं कि शिव और पार्वती का शरीर जुड़कर एक हो गया। यह शिव और शक्ति का अद्भुत मिलन था। शिव अब केवल पुरुष नहीं थे। पार्वती के मिल जाने से शिव का आधा शरीर नारी में परिवर्तित हो चुका था। शिव अर्द्धनारीश्वर हो गए! इसके बाद भी अहंकार से भरे भृंगी को बुद्धि नहीं आई। उन्होंने कीट का रूप धारण किया और शिव एवं पार्वती के शरीर जिस जगह से जुड़े थे, वहां से उनका मांस कुतरना शुरू कर दिया। भृंगी कीट अब अर्द्धनारीश्वर को बीच में से काटकर एक-दूसरे से अलग कर देना चाहता था। भृंगी की धृष्टता देखकर पार्वती का धैर्य समाप्त हो गया। उन्होंने भृंगी को शाप दिया ='भृंगी, तुम मूर्ख हो! तुम शिव और शक्ति को अलग करना चाहते हो। तुम्हें सत्य दिखाई नहीं देता कि दोनों एक हैं। ब्रह्मांड के समन्वय में तुम्हारी आस्था नहीं है। तुम पुरुष और प्रकृति के सिद्धांत को भी समझना नहीं चाहते। तुम यह भी नहीं जानते कि प्राणी को मांस-मज्जा, अपनी माता से तथा हड्डियां, अपने पिता से प्राप्त होती हैं। चूंकि तुमने स्त्री शक्ति का अपमान किया है इसलिए मैं तुम्हें शाप देती हूं कि तुम स्त्री से मिली मांस-मज्जा गंवा दोगे और तुम्हारे शरीर में केवल हड्डियां शेष रह जाएंगी!' पार्वती के भयानक शाप का तुरंत प्रभाव हुआ। भृंगी की मांसपेशियां नष्ट हो गईं और उसका शरीर कंकाल में परिवर्तित हो गया। भृंगी ऋषि के लिए अब खड़ा रहना तक असंभव था। कंकाल नीचे गिर पड़ा। भृंगी ने शिव और पार्वती से क्षमा मांगी। भोलेनाथ को दया आ गई। उन्होंने भृंगी को खड़ा रहने के लिए एक तीसरा पैर प्रदान किया। इसके बाद शिव ने भृंगी से कहा, 'तुम्हारी यह दशा संसार के प्रत्येक प्राणी को सीख देगी कि जीव का निर्माण, पुरुष और स्त्री दोनों के बराबर अंश से होता है। नारी और पुरुष में भेद करने वालों की गति तुम्हारे समान होगी। पुरुष और स्त्री में कोई भेद नहीं है और प्रकृति के अस्तित्व के लिए दोनों का होना अनिवार्य है। यही बताने के लिए मैंने अर्द्धनारीश्वर रूप धारण किया था। शिव और शक्ति को पृथक रूप से देखने वाले को दोनों में से किसी का आशीर्वाद प्राप्त नहीं होता। इस तरह अहंकारी ऋषि भृंगी, स्त्री शक्ति का अपमान करने के कारण तीन पैरों वाला कीट बनकर रह गया।

# तिलिस्म: दर्शकों को भरोसा दिलाने वाली एक विशुद्ध कला है जादू

**दुनिया के मशहूर जादूगर जुआन तमारिज, भले 81 वर्ष के हो चुके हों, मैड्रिड में उनके साथ डिनर के लिए बाहर जाना, ऐसा है मानो आप असल जिंदगी में किसी कार्टून चरित्र के साथ घूम रहे हों। तमारिज 52 वर्षों से एक पेशेवर जादूगर हैं और उनके अपने देश और बाकी दुनिया में भी उन्हें जादू की दुनिया का बेताज बादशाह माना जाता है। डेविड ब्लेन जैसे जादूगरों की वर्तमान पीढ़ी समेत दुनिया भर के जादूगर उन्हें 'उस्ताद' कहते हैं। स्पेन में तो उन्हें वाकई आइकन का दर्जा मिला हुआ है।** धूम्रपान कर रहे कुछ युवाओं का समूह उन्हें देखते ही फुसफुसाया, 'तमारिज?' उन्हें अपनी आंखों पर भरोसा नहीं हो रहा था। एक दूसरी लड़की उन्हें इतनी खुशी से मुड़-मुड़कर देख रही थी, जो मुझे तो अपनी निजता के उल्लंघन जैसा लग रहा था। लेकिन तमारिज इसके आदी हो चुके हैं। जब वह किसी रेस्तरां में जाते हैं, तो ज्यादातर लोग उनसे वही घिसा-पिटा मजाक करते हैं, 'मेरी पत्नी को गायब कर दो', लेकिन तमारिज हर बार इस पर ऐसी प्रतिक्रिया देते हैं, मानो वह पहली बार यह मजाक सुन रहे हों। मैंने हाल ही में एक होटल में तमारिज का एक शो देखा, जिसमें चालीस के करीब दर्शक थे। उन्होंने ताश की गड्डी निकाली और दर्शकों में से चार लोगों को बुलाया। उनमें से एक ने गड्डी फेंटी, दूसरे ने काटी और फिर चारों ने एक-एक पत्ता ले लिया। तमारिज ने बगैर पत्तों को हाथ लगाए, चारों के पत्ते बता दिए। जब उन्होंने ऐसा किया, तो दर्शकों के चेहरे के भाव ऐसे थे, जिसे बयां नहीं किया जा सकता। मानो उन्होंने कोई चमत्कार होते देख लिया हो। अमेरिका में 20वीं सदी के उत्तरार्ध में जादू की दुनिया के सबसे महान कलाकारों में डॉग हैनिंग, डेविड कॉपरफील्ड, सिग्फ्रायड व रॉय थे। ये सही मायनों में वे जादूगर थे, जो किसी की पत्नी को वाकई गायब कर सकते थे। लेकिन तमारिज कुछ अलग हैं। चकाचौंध वाली लाइटों या उपकरणों पर निर्भर रहने के बजाय वह दर्शकों के ध्यान के साथ खेलते हैं। उन्होंने जादू की दुनिया को 'क्लोज-अप' नामक शैली से परिचित कराया, जिसमें सामान्य वस्तुओं के साथ जादू किया जाता है। स्पेनिश टेलीविजन पर लगातार बीस साल तक जादू दिखाने के बाद वह लगभग सेवानिवृत्त हो चुके हैं। लेकिन जब वह अमेरिका पहुंचे, तो वहां उन्हें विश्व के महानतम जादूगर के रूप में ख्याति मिली।



आदर्श जादूगर की पोशाक पहने वाली छवि के विपरीत वह सामान्य कपड़ों में बस कुर्सी पर बैठ जाते हैं और फिर उनकी ताश की गड्डी ही सारे कमाल दिखाती है। उनके हाथों की तेजी और आवाज में आने वाले उतार-चढ़ाव लोगों को रोमांचित कर देते हैं। कभी डेविड ब्लेन के सलाहकार रहे जादूगर एएसआई विंड कहते हैं, 'मुझे लगता है कि जुआन की प्रतिभा को देखने के लिए आपको खुद प्रयास करना होगा। यह भोजन की तरह है। आप उसे ब्रॉशर या वीडियो में देख सकते हैं, लेकिन यह है क्या, यह समझने के लिए आपको उसका स्वाद लेना पड़ेगा।' स्पेन के लोगों में उनकी प्रसिद्धि की वजह उनका टेलीविजन शो था। लेकिन जादूगरों में भी वह खासे मशहूर उन निजी प्रदर्शनों के लिए थे, जो वह अपने होटल की लॉबी में आधी रात को करते थे। वह समां बांध देते थे। मैं खुद भी जादूगर रहा हूं। जब मैं तेरह साल का था, तब तमारिज के साथ एक शाम बिताने के बाद मैंने अपने अपार्टमेंट में उनसे कुछ दिखाने के लिए कहा, जिसके लिए उन्होंने मना कर दिया। उनका कहना था कि जादू कभी एक आदमी के सामने नहीं दिखाया जाता। लोग होने चाहिए, जिनके साथ संवाद किया जा सके। उन्होंने मुझे बताया कि जादू दरअसल, हाथ की सफाई है, जिसमें आप यह तय करते हैं कि दर्शक क्या देखें, और क्या न देखें।

तमारिज का जादू देखने का मुझे फिर एक मौका जल्द ही मिला। हम सभी के हाथ में ताश की गड्डी थी। तमारिज ने अपना खेल शुरू कर दिया था। मैं उनकी आवाज को रिकॉर्ड करना चाहता था। लेकिन तमारिज माहिर थे कि कैसे अपने सम्मोहित करने वाले शब्दों से सामने वाले को कुछ देर के लिए सब कुछ भुला दिया जाए। मैं रिकॉर्डिंग की बात ही भूल गया। मनोविज्ञान कहता है कि शॉर्ट टर्म मेमोरी 15 से 30 सेकंड की होती है। उसके बाद या तो यह लॉन्ग टर्म मेमोरी में बदल जाती है, या फिर खो जाती है। आप अपनी चाबी को कहीं रखकर एकदम से भूल जाते हैं, उसकी वजह यही है कि वह आपकी लॉन्ग टर्म मेमोरी में तब्दील नहीं हो पाई। हमारी याद्दाश्त कुछ ऐसी है, मानो हम खुद को ही कॉल कर रहे हों। जादू बस इन्हीं कुछ क्षणों का खेल है। टेलीविजन पर डेविड ब्लेन का स्ट्रीट मैजिक काफी लोकप्रिय रहा, जिसमें वह सड़क पर चलते हुए लोगों को मजेदार अंदाज में जादू दिखाते हैं। यह वही शैली है, जिसकी शुरुआत तमारिज ने स्पेन के टेलीविजन शो में की थी। आज ये जादू सोशल मीडिया की रील्स में दिखते हैं। जादू को अक्सर ललित कलाओं में जगह नहीं मिलती। लेकिन बैंगनी रंग की टोपी पहने तमारिज की कला सांस्कृतिक आलोचकों को परेशान कर सकती है, देखने वालों को नहीं। तमारिज ने जादू की दुनिया में जो किया, उसका प्रमाण है कि दुनिया की हर जादू की दुकान पर उनका काम जरूर दिखेगा। उनका जादू इस धारणा पर आधारित है कि लोगों को वह अनुभव कैसे कराया जाए, जो हो ही नहीं सकता था। तमारिज के जादू में ताश की गड्डी तो एक जरिया है, दर्शकों की भावनाओं को परखने का, जिन्हें हमेशा यही लगता था कि तमारिज किसी भी क्षण हवा में उड़ने की ताकत रखते हैं। तमारिज कहते हैं कि उन्होंने इतिहासकार मिर्सिया एलियाडे से काफी कुछ सीखा, जिन्होंने अपनी पुस्तक मेफिस्टोफिल्स एंड द एंड्रोगाइन में इंडियन रोप ट्रिक का उल्लेख किया था। इस ट्रिक में एक रस्सी अपने आप आकाश में उठती है, जब तक कि दूर का छोर दृश्य से गायब नहीं हो जाता। उस रस्सी पर एक लड़का चढ़ता है, और वह भी दृश्य से गायब हो जाता है। अब यह जादू था या नहीं, इसका कोई प्रमाण नहीं है। लेकिन एक प्राचीन मिथक की तरह यह ट्रिक यह इशारा जरूर करती है कि ब्रह्मांड में कुछ रहस्य जादू की तरह मौजूद हो सकते हैं। तमारिज के जादू के अनुभव का सबसे विस्तृत विवरण उनकी पुस्तक ला विया मैजिका से मिलता है, जिसे 'द थ्योरी ऑफ फाल्स सॉल्यूशंस एंड द मैजिक वे' कहा जाता है। तमारिज का तर्क है कि यह जादू के मूल सिद्धांत थे, जिन्होंने फिल्म की कला को संभव बनाया; आखिरकार, एक फिल्म क्या है सिवाय एक भ्रम के जो एक कहानी कहती है? रात के खाने का समय हो रहा था और हम निकलने की तैयारी कर रहे थे। तभी तमारिज ने ताश की गड्डी उठाई और मुझसे उसे काटने को कहा। फिर उनके कहने पर मैंने एक पत्ता निकाला। मैंने उन्हें बताया नहीं कि ये क्या था। मैंने पत्ता गड्डी में यूं ही रख दिया और पूरी गड्डी को कई बार फेंट दिया। उन्होंने गड्डी अपने हाथ में ली और एक झटके में उसे दूसरी ओर फेंका। सारे पत्ते इधर-उधर बिखरे थे, बस एक पत्ता उनके हाथ में रह गया। वह वही था। मैंने चिल्ला कर कहा, ये नहीं हो सकता। तमारिज मुस्करा रहे थे। वह खुद एक चलते-फिरते जादू हैं। मैड्रिड की उस रात, उस जगह पर, उस पल जो हुआ, उसका कुछ तो रहस्य रहा होगा। लेकिन मैं उसे जानना नहीं चाहता। क्योंकि अगर रहस्य जान लिया, तो उस अनुभव की याद खत्म हो जाएगी। मैंने चमत्कार होते देखा था। वह जादू में जादू था।

# व्यवहार: अच्छी आदतों की शुरुआत इतनी भी मुश्किल नहीं, कहां है परेशानी



आदतें ही हमारी जिंदगी को निर्धारित करती हैं। हम तय समय पर सुबह उठते हैं, ब्रश करते हैं, चाय पीते हैं और फिर काम पर निकलते हैं। ये सब आदतें ही तो हैं। फिर एक नई स्वस्थ आदत डालने में परेशानी कहां आती है? व्यवहार वैज्ञानिकों के अनुसार हम गलत तरह से स्वस्थ आदत बनाने की कोशिश करते हैं। वजन कम करने के लिए हम कसरत करने का संकल्प गलत तरह से लेते हैं। बड़े संकल्पों को लेने से पहले सफलता के लिए खुद को तैयार करने की भी जरूरत होती है। लेकिन हम इस पर ध्यान नहीं देते। एक्सपर्ट बताते हैं कि नई आदतों की शुरुआत का सबसे बेहतर तरीका है कि उन्हें मौजूदा आदतों में जोड़ दिया जाए। आपको अपनी जिंदगी के पैटर्न में झांक कर देखना होगा कि सकारात्मक आदतें विकसित करने के लिए आप किन मौजूदा आदतों का उपयोग कर सकते हैं। ज्यादातर लोगों के लिए सुबह की दिनचर्या सबसे प्रभावी होती है, इसलिए यह नई आदत शुरू करने का एक बेहतरीन अवसर पैदा कर सकती है। मसलन, सुबह की एक कप चाय, पांच मिनट के ध्यान के अभ्यास की शुरुआत कर सकती है। ब्रश करते वक्त आप संतुलन का अभ्यास करने के लिए एक पैर पर खड़ा होना चुन सकते हैं। कई लोग दिन के अंत में सोफे पर लेटकर टीवी देखना पसंद करते हैं। ये रोज योग करने का अच्छा समय हो सकता है। स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता और टाइनी हैबिट्स पुस्तक के लेखक बीजे फॉग कहते हैं कि व्यवहार में बड़े परिवर्तन लाने के लिए उच्च स्तर की प्रेरणा की जरूरत होती है, जिसे अक्सर कायम नहीं रखा जा पाता है। इसलिए वह नई आदत को यथासंभव आसान बनाने के लिए छोटी-छोटी आदतों से शुरुआत करने का सुझाव देते हैं। जैसे, रोजाना थोड़ी देर टहलना व्यायाम की आदत की शुरुआत हो सकता है या हर दिन अपने बैग में एक सेब रखने से खाने की आदतें बेहतर हो सकती हैं। डॉ. फॉग रोज पुश-अप करने की आदत शुरू करना चाहते थे। उन्होंने दिन में केवल दो पुश-अप से शुरुआत की और इसके लिए वह बाथरूम जाने के समय का उपयोग करने लगे। आज उन्हें 40 से 80 पुश-अप लगाने की आदत है। यूरोपियन जर्नल ऑफ सोशल साइकोलॉजी के मुताबिक किसी भी कार्य को आदत बनने में औसतन 66 दिन का समय लगता है। लेकिन जब हम किसी कार्य को ज्यादा बार करते हैं, तो उसकी आदत जल्दी भी बनने लगती है। इसलिए शुरुआत उन कार्यों से करें, जो आसान हों।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए 55 देशों के नेताओं को न्योता, राजदूत भी बनेंगे कार्यक्रम का हिस्सा

**अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसी ऐतिहासिक दिन को नवनिर्मित मंदिर में रामलला विराजमान होंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा, सियासत से लेकर खेल और अध्यात्म से जुड़ी तमाम हस्तियों को भी कार्यक्रम में आने का न्योता मिला है। वहीं, 55 देशों के करीब 100 प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया गया है। विश्व हिंदू फाउंडेशन के संस्थापक एवं वैश्विक अध्यक्ष स्वामी विज्ञानानंद का कहना है कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए राजदूतों और सांसदों सहित 55 देशों के लगभग 100 प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। आइए जानते हैं कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए देश के कितने नेताओं को निमंत्रण दिया गया है? कार्यक्रम में कितने लोग आ रहे हैं? वो लोग कौन हैं, जिन्होंने न्योते को अस्वीकार कर दिया है?**





**किन नेताओं को निमंत्रण मिला है?** राम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद रहेंगे। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस समारोह में शामिल होंगे। दूसरी ओर राष्ट्रीय और अन्य प्रमुख दलों के नेताओं और प्रतिनिधियों को निमंत्रण भेजा गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण भेजा गया था। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए पूर्व प्रधानमंत्रियों मनमोहन सिंह और एचडी देवेगौड़ा को भी न्योता मिला है। वीएचपी ने राजद में लालू प्रसाद यादव से समय मांगा है। आने वाले दिनों में अन्य विपक्षी नेताओं को भी निमंत्रण भेजे जाने की संभावना है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने न्योते को अस्वीकार करने के संकेत दिए हैं। बताया जा रहा है कि विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार द्वारा उन्हें निमंत्रण भेजा गया था। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमंत्रण पर सवाल पूछे जाने पर अखिलेश ने कहा कि मैं उन्हें नहीं जनता, न कभी उनसे मुलाकात हुई। हम जिनको जानते हैं उन्हीं से व्यवहार लेते हैं। इससे पहले सीपीआईएम के महासचिव सीताराम येचुरी ने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने का निमंत्रण ठुकरा दिया था। पार्टी ने कहा है कि वे धार्मिक कार्यक्रम के राजनीतिकरण के विरोध में समारोह में शामिल नहीं होंगे। इसके अलावा पूर्व कांग्रेस नेता और राज्यसभा संसद कपिल सिब्बल ने भी कहा है कि वह इसमें शामिल नहीं होंगे। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी कार्यक्रम में शिरकत नहीं करेंगी। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना भी समारोह में शिरकत नहीं करेगी। पार्टी के नेता और सांसद संजय राउत ने कहा, %यह भाजपा के वर्चस्व वाला कार्यक्रम है। हमारा कोई भी कार्यकर्ता इसमें हिस्सा नहीं लेगा।%



## अयोध्या में सफाई अभियान की शुरुआत करेंगे योगी, मोदी के गांव से पहुंची अखंड ज्योति

योध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोरो पर है। 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी, 500 साल के इंतजार के बाद राम लला अपने महल में विराजित होंगे। जिसे लेकर हर तरफ खुशी का माहौल है। हर राम भक्त को इस दिन का बेसब्री से इंतजार था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रख्यात मूर्ति शिल्पकार राम वी सुतार व चित्रकार वासुदेव कामत भी समारोह के खास मेहमान होंगे। रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के एक न्यासी ने बताया कि दिल्ली में ट्रस्ट की ओर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल, विहिप के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार व मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने राष्ट्रपति को समारोह के लिए आमंत्रित किया। उप राष्ट्रपति को राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष और विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष ने निमंत्रण पत्र सौंपा। संघ के सर संघ चालक मोहन भागवत को पहले ही आमंत्रण पत्र दिया जा चुका है।

# एमसी स्टैन का गालियां देते वीडियो वायरल
## गाड़ी से उतरे और छीन लिया कैमरा

नई दिल्ली । सलमान खान होस्टेड रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 17 का सफर तेजी से फिनाले की तरफ बढ़ रहा है और इसी बीच बिग बॉस 16 के कंटेस्टेंट एमसी स्टैन को लेकर एक शॉकिंग खबर सामने आई है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक रेड कलर की रेंज रोवर गाड़ी के पास कैमरा लेकर एक शख्स को वीडियो रिकॉर्ड कर रहा है। इस शख्स की आवाज भी वीडियो में रिकॉर्ड हुई है जो कि बार-बार गाड़ी के भीतर बैठे इंसान से गाड़ी का शीशा नीचे करने को बोल रहा है।



**गालियां देते हुए स्टैन का वीडियो वायरल**- वीडियो रिकॉर्ड कर रहा शख्स अंदर बैठे इंसान को गालियां दे रहा है। कुछ ही देर में गाड़ी के भीतर बैठा शख्स शीशा नीचे करता है और सीधे कैमरे पर हाथ मारता है। इसी क्लिप में पता चलता है कि गाड़ी के अंदर बैठा शख्स और कोई नहीं बल्कि बिग बॉस 16 के विजेता एमसी स्टैन हैं। क्लिप में आगे एमसी स्टैन को भी गालियां देते और गाड़ी से नीचे उतरकर इस इंसान की तरफ बढ़ते देखा जा सकता है।

**वीडियो पर लोगों ने किए ऐसे-ऐसे कमेंट** हालांकि लाइव हिन्दुस्तान इस वीडियो के वास्तविक होने की पुष्टि नहीं करता है लेकिन सोशल मीडिया पर लोग यह मानकर चल रहे हैं कि यह वीडियो एमसी स्टैन का ही है और उनका किसी से झगड़ा हो गया था जिस दौरान उन्होंने भी इस शख्स को गालियां देना शुरू कर दिया। एक सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट बॉक्स में लिखा, हे भगवान, जिस तरह उसने बंदे का कैमरा छीना है।

**क्या पुराना वीडिया वायरल कर रहे लोग** एक अन्य सोशल मीडिया यूजर ने इस वीडियो को देखकर कमेंट किया, अब एमसी स्टैन इसे ठोकेगा पक्का। एक शख्स ने इसी वीडियो पर लिखा, हेटर्स पुराने वीडियो शेयर कर रहे हैं ताकि अपना प्रोपेगैंडा चला सकें। 28 जनवरी को इन्हें रोना है क्योंकि ट्रॉफी मुनव्वर फारुकी को ही मिलेगी। कुछ लोग इसे पुराना वीडियो बता रहे हैं तो कुछ इसे अभी की घटना बता रहे हैं। हालांकि असल बात तो स्टैन के बताने पर ही सामने आएगी।

# अरुण गोविल को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए मिला निमंत्रण



*अयोध्या । राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी चल रही है। 22 जनवरी को होने वाले इस समारोह को देखने के लिए श्रद्धालु भी उत्सुक हैं। विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गज श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। इसके लिए उन्हें आमंत्रित किया गया है। रामायण सीरियल में राम का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीतने वाले अरुण गोविल को भी राम मंदिर का निमंत्रण मिला है। राम मंदिर निर्माण का न्योता मिलने के बाद अरुण गोविल ने अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। मीडिया को दिए इंटरव्यू में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मुझे राम मंदिर के उद्घाटन में आमंत्रित किए जाने पर खुशी हो रही है। मैं इस क्षण का गवाह बनने और भगवान राम के दर्शन करने के लिए उत्सुक हूं। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं। मुझे लगता है कि हमें इसका श्रेय मोदी जी को देना चाहिए। जिस तरह से उन्होंने काम किया, यह हो गया। इससे चारों ओर ऊर्जा पैदा हो गई। वे प्रशंसा के पात्र हैं।उन्होंने कहा, मुझे भी लगता है कि इस तरह का काम कोई एक व्यक्ति नहीं करता है। लेकिन मोदी की वजह से सकारात्मक ऊर्जा पैदा हुई है। सभी ने इसके लिए कई वर्षों तक काम किया है। कई लोगों ने इसके लिए बलिदान दिया है। कुछ अभी भी योगदान दे रहे हैं। अरुण गोविल के साथ-साथ दीपिका चिखलिया और सुनील लहरी को भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठान का निमंत्रण मिला है।*

# सिंगर प्रभा अत्रे का दिल का दौरा पड़ने से निधन



*मुंबई- म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़ी एक दुखद खबर है. दिग्गज गायिका प्रभा अत्रे का आज सुबह निधन हो गया. उन्होंने 92 साल की उम्र में आखिरी सांस ली. उनका निधन दिल का दौरा पड़ने से हुआ. दिल का दौरा पड़ने के बाद उन्हें पुणे के दिनानाथ मंगेशकर अस्पताल लेकर गए थे. लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनका निधन हो गया. उनका मुंबई में एक कार्यक्रम था. वह इस कार्यक्रम में हिस्सा ले पातीं कि उससे पहले ही उन्हें दिल का दौरा पड़ गया प्रभा अत्रे का जन्म पुणे में 13 सितंबर 1932 को हुआ था. प्रभा जब 8 साल की थीं, तो उनकी मां इंदिराबाई अत्रे की हेल्थ खराब होने लगी थी. तब उनके किसी ने दोस्त ने क्लासिकल म्यूजिक सुनने की सलाह दी और कहा कि इससे उनकी हेल्थ में सुधार होगा. इसके बाद वह क्लासिकल म्यूजिक सुनने लगीं. तभी से प्रभा भी इंस्पायर हुईं और उन्होंने शास्त्रीय संगीत सीखा.प्रभा अत्रे ने गुरु-शिष्य परपंरा में म्यूजिक ट्रेनिंग ली. उन्होंने किराना घराना के सुरेशबाबू माने और हीराबाई बड़ोदकर से क्लासिकल म्यूजिक सीखा. वह आमिर खान के खयाल और बड़े गुलाम अली खान के ठुमरी से बहुत प्रभावित हुईं थीं. उन्होंने औपचारिक तौर से कथक डांस स्टाइल में ट्रेनिंग ली थी.*

***प्रभा अत्रे को मिले 3 पद्म पुरस्कार***

*बचपन से ही म्यूजिक का शौक का था. साल 1990 में उन्हें पद्मश्री, साल 2002 में पद्म भूषण और 2022 में पदम विभूषण से सम्मानित किया गया था. अत्रे ने अपने करियर के शुरुआती दिनों में एक सिंगिंग स्टेज-एक्ट्रेस के रूप में काम किया. उन्होंने मराठी थिएटर क्लासिक्स में भी भूमिकाएं निभाईं, जिनमें संशय-कल्लोल, मानापमान, सौभद्रा और विद्याहरण जैसे संगीत नाटक शामिल थे.*

***प्रभा अत्रे का म्यूजिक स्टाइल***

*प्रभा अत्रे वर्तमान में किराना घराने का प्रतिनिधित्व करने वाले देश के दिग्गज सिंगर में से एक थीं. उन्होंने भारतीय शास्त्रीय गायन संगीत को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने में योगदान दिया है. वह खयाल, ठुमरी, दादरा, गजल, गीत, नाट्यसंगीत और भजन जैसी कई म्यूजिक स्टाइल में सक्षम थीं.*

# सनी लियोनी अपने रेस्टॉरेंट चिका लोका की करेंगी ग्रैंड ओपनिंग

*मुंबई एक्ट्रेस-एंटरप्रेन्योर सनी लियोनी सिंगिंग बाउल्स हॉस्पिटैलिटी के साहिल बावेजा के साथ मिलकर चिका लोका बाय सनी लियोनी की ग्रैंड ओपनिंग करने के लिए तैयार है।अपने पहले हॉस्पिटैलिटी वेंचर के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस-एंटरप्रेन्योर सनी लियोनी ने कहा, चिका लोका एक जगह से कहीं ज़्यादा है, यह मेरे व्यक्तित्व का विस्तार है। यह वह जगह है, जहां लोग खुद को ग्लैमर में डुबो सकते हैं और पूरी तरह से कम्फर्टेबल भी महसूस कर सकते हैं। मैं देखना चाहती हूं कि गेस्ट अपने फेवरेट आर्टिस्ट और कॉकटेल को एन्जॉय करते हुए मेरे लोका वर्ल्ड का असली टेस्ट अनुभव करें।7,000 वर्ग फुट में फैला, शेफ वैभव भार्गव द्वारा क्यूरेट फ्लैगशिप आउटलेट, इंडियन, एशियन, मैक्सिकन और इटेलियन क्विजीन के मिश्रण के साथ ग्लोबल फ्लेवर्स ऑफर करता है। इसके साथ ही पोशंस बाय सनी लियोनी उनके बॉलीवुड और ट्रेवल से प्रेरित यूनिक कॉकटेल पेश करता है। सनी लियोनी के चिका लोका में स्टेज, बार और टेरेस के साथ एक शानदार वेन्यू है। गोवा, हैदराबाद और मुंबई तक एक्सपैंड करने की योजना के साथ सनी का गैस्ट्रोनॉमिक वेंचर 22 जनवरी को नोएडा के गुलशन वन 29 में खुलेगा।*



## मनोज बाजपेयी की 'जोरम' ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, इस लाइब्रेरी में मिला खास स्थान

डेस्क। देवाशीष मखीजा के निर्देशन में बनी और मनोज बाजपेयी अभिनीत फिल्म 'जोरम' ने सकारात्मक प्रतिक्रिया हासिल की। हालांकि, यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी, जिसके कारण अभिनेता बेहद निराश हुए थे। मनोज ने वास्तविक सिनेमा के बजाय मुख्यधारा के मनोरंजनकर्ताओं को प्राथमिकता देने के बारे में चिंता व्यक्त की थी। वहीं, अब मनोज बाजपेयी ने ट्वीट कर फैंस को खुशखबरी दी है। अभिनेता ने एक्स पर साझा किया कि उनकी फिल्म 'जोरम' के स्क्रीनप्ले को एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज लाइब्रेरी के मुख्य संग्रह में शामिल किया जा रहा है 'जोरम' ने बनाई एकेडमी लाइब्रेरी में जग मनोज ने 'जोरम' का एक पोस्टर साझा किया और लिखा, 'यहां जोरम के लिए एक और पेज-टर्निंग जीत है। स्क्रीनप्ले, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज लाइब्रेरी के मुख्य संग्रह का हिस्सा बन गई है।'

# मिस्ट्री मैन के साथ हाथ में हाथ डाले दिखीं कंगना रनौत

*मुंबई । कंगना रनौत ने शुक्रवार को फैंस को तब चौंका दिया जब उनकी एक मिस्ट्री मैन के साथ फोटोज वायरल होने लगी। दरअसल, बीती शाम कंगना एक सैलून से बाहर आते हुए मीडिया फोटोग्राफर्स ने स्पॉट किया। हालांकि इस दौरान वह अकेली नहीं बल्कि एक शख्स के साथ नजर आईं। कंगना हाथ पकड़कर उनके साथ बहुत कम्फर्टेबल होकर मीडिया के सामने आईं। इतना ही नहीं वह काफी खुश भी नजर आ रही थीं।कंगना ने इस दौरान ब्लू कलर की ड्रेस पहनी थी। वहीं उनके साथ जो थे उन्होंने ब्लैक शर्ट और जीन्स भी ब्लैक पहनी थी। वह भी इस दौरान काफी खुश नजर आ रहे थे। फैंस पूछने लगे कि क्या वह एक्ट्रेस के बॉयफ्रेंड हैं तो आपको हम बताते हैं ऐसा अपडेट सुनकर टूट जाएगा दिल।*

***किसके साथ दिखीं कंगना***- *कंगना की ये फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। फैंस भी कमेंट करके कई सवाल पूछ रहे हैं। कोई पूछ रहा है कि क्या ये कंगना का बॉयफ्रेंड है? किसी ने पूछा कि कंगना के बॉयफ्रेंड का नाम क्या है। वहीं कंगना के फैंस लिख रहे हैं कि कंगना को फाइनली उनका पार्टनर मिल गया। अब क्वीन खुश हैं। लेकिन बता दें कि यह शख्स कंगना के बॉयफ्रेंड नहीं हैं। यह तो एक पॉपुलर हेयरस्टाइलिस्ट हैं जिन्हें कई सेलेब्स फॉलो करते हैं और दोनों एक-दूसरे को डेट नहीं कर रहे हैं। बस कैजुअली कंगना उनके साथ हाथ पकड़कर आईं।*

***ब्रिटिश डॉक्टर को किया था डेट*** *वैसे बता दें कि कंगना कुछ समय पहले ब्रिटिश डॉक्टर निकोलस लाफर्टी को डेट कर चुकी हैं। ऐसा कहा जाता है कि वह जल्द शादी करना चाहता था, लेकिन कंगना की उम्र उस वक्त सिर्फ 25 थी और वह करियर पर ही फोकस करना चाहती थीं। वह उनसे प्यार तो बहुत करती थीं, लेकिन शादी के लिए तैयार नहीं थीं इसलिए उनका रिश्ता खत्म हो गया।*



***अब शादी के लिए तैयार*** *पिछले साल कंगना ने कहा था, 'हर चीज का एक समय होता है और शादी का जब समय आएगा तो वो भी होगी। मैं शादी करना चाहती हूं, मैं चाहती हूं कि मेरा अपना एक परिवार हो, लेकिन सब सही समय पर ही होगा।' वहीं साल 2021 में टाइम्स नाउ से बात करते हुए कंगना ने कहा था, मैं चाहती हूं मेरी शादी हो और बच्चे हो। मैं अगले 5 सालों में खुद को एक मां के तौर पर देखती हूं और पत्नी भी।*

***प्रोफेशनल लाइफ*** *कंगना की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह अब पीरियड ड्रामा फिल्म इमरजेंसी में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म को वह खुद डायरेक्ट कर रही हैं। फिल्म में वह पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाएंगी। इसके अलावा वह पैन इंडिया साइकॉलोजिकल थ्रिलर फिल्म में भी नजर आएंगी और इस फिल्म में उनके साथ आर माधवन होंगे।*

# रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अमिताभ और रजनीकांत से लेकर 300 श्रमिक मेहमान

*अयोध्या । रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में समाज के हर विशिष्ट व सामान्य वर्ग का प्रतिनिधित्व होगा। सात हजार से कुछ अधिक मेहमानों को चार हजार धर्माचार्यों, तीन हजार से अधिक गृहस्थ और विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। बड़ी संख्या में नामचीन शख्सियतों के साथ जाने-पहचाने चेहरे होंगे। मंदिर के सृजन में सहभागी 300 श्रमिक और दान देने वाले भिक्षुक भी अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। 50 के करीब पद्म सम्मानों से विभूषित हस्तियां आएंगी। शहीद कारसेवकों के परिवार के 60 सदस्य भी पहुंचेंगे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में अब सिर्फ नौ दिन शेष हैं। समारोह के अतिथियों को आमंत्रित करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। ज्यादातर खास व आम मेहमानों तक निमंत्रण पत्र पहुंच गया है। अन्य को भेजा जा रहा है। इस काम के लिए 15 जनवरी अंतिम तिथि तय की गई है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और विहिप के वरिष्ठ पदाधिकारियों को रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से अतिथियों तक निमंत्रण पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ट्रस्ट ने 125 संत परंपरा के चार हजार धर्मगुरुओं को एक श्रेणी में रखा है। इनमें चारों पीठों ज्योर्तिमठ, गोवर्धन, शारदा व श्रंगेरी के शंकराचार्यों के साथ संन्यासी व वैरागियों के 13 अखाड़ों के प्रतिनिधि और महामंडलेश्वर शामिल हैं। सिख, जैन व बौद्ध धर्म के प्रमुख संत भी इसमें शामिल हैं। इसके अलावा स्वामी नारायण परंपरा, आर्ट आफ लिविंग और गायत्री परिवार के सदस्यों को सूचीबद्ध किया गया है। तिरुपति, वैष्णो देवी व काशी विश्वनाथ मंदिर समेत देश के सभी प्रसिद्ध मठ-मंदिरों के 200 ट्रस्टी भी समारोह के साक्षी बनेंगे। अयोध्या के स्थानीय 350 संत अलग से शामिल किए गए हैं। संत व धर्माचार्यों के अलावा ट्रस्ट ने तीन हजार से अधिक गृहस्थों को विभिन्न क्षेत्रों से चुना है। इसमें करीब 350 रिटायर्ड जज और वकील हैं। इसके अलावा कला जगत, फिल्म जगत, उद्योग जगत, सैन्य क्षेत्र, साहित्य, खेल, मीडिया, चिकित्सा, राजनीतिक, वैज्ञानिक, दानदाता व रंगमंच शामिल है। इन सभी क्षेत्रों की कई हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विश्व हिंदू परिषद समेत अन्य आनुषांगिक संगठनों के कई शीर्ष पदाधिकारियों की अलग से एक सूची बनाई गई है।*





## विभिन्न क्षेत्रों के कुछ बड़े नाम जो बढ़ाएंगे समारोह की शोभा

*इसरो के निदेशक नीलेश देसाई, फिल्म जगत से अमिताभ बच्चन, रजनीकांत, हेमा मालिनी, माधुरी दीक्षित, कंगना रनौत, आशा भोसले, अरुण गोविल, दीपिका चिखालिया, नितीश भारद्वाज, मधुर भंडारकर, रवींद्र जैन व प्रसून जोशी। उद्योग जगत से रतन टाटा, मुकेश अंबानी, गौतम अडाणी, चंद्रशेखरन, एसएन सुब्रम्ण्यम, खेल जगत से सुनील गावस्कर, कपिल देव, सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली, धनुर्धर दीपिका कुमारी, गोपीचंद। कला क्षेत्र से अनूप जलोटा, अनुराधा पौडवाल, कैलाश खेर, मैथिली ठाकुर, कन्हैया मित्तल, स्वाति मिश्रा, न्यायिक क्षेत्र से पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई, सुधीर अग्रवाल, के परासरण।*

## सिंगल कॉलम

# राजनीति के लिए पढ़ाई से समझौता न करें छात्र



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा अपने परिसर में धरना देने के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए जाने को लेकर उपजे विवाद के बीच, जेएनयू की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने छात्रों को सलाह दी कि वे राजनीति के लिए पढ़ाई से समझौता न करें। पंडित ने कहा कि अनुशासनात्मक कार्रवाई छात्रों की भविष्य में नौकरी हासिल करने की संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। उन्होंने कहा कि कोई यह नहीं कह रहा है कि विरोध प्रदर्शन मत करो, लेकिन साथ ही अपनी शिक्षा से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। इनमें से कई छात्र जो राजनीति में शामिल होते हैं, बाद में मेरे पास एक्सटेंशन मांगने आते हैं, जो नौकरी के लिए जाने पर उनकी प्रोफाइल में दिखाई देगा। कुलपति ने इस्राइल-हमास संघर्ष पर जेएनयू में खुली बहस और व्याख्यानों का हवाला देते हुए इस बात पर जोर दिया कि इस पर कोई आंदोलन नहीं हुआ है, जो परिसर में आलोचनात्मक सोच की संस्कृति को दर्शाता है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में साल 2022 में कार्यभार संभालने वाली शांतिश्री डी पंडित ने कहा कि उन्होंने 2019 में फीस वृद्धि के विरोध में छात्रों के करिअर पर इसके प्रभाव को देखते हुए उनके खिलाफ सभी प्रॉक्टोरियल जांच वापस ले लीं। स्वतंत्रता को जिम्मेदारी के साथ करें व्यक्त कुलपति ने कहा कि छात्रों को अपनी स्वतंत्रता को जिम्मेदारी के साथ व्यक्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने आधिकारिक तौर पर मुख्य प्रॉक्टर कार्यालय (सीपीओ) नियमावली को अधिसूचित कर दिया है, जिसके तहत परिसर में अधिकारियों को उनकी ड्यूटी में बाधा डालने, शराब पीने या नियमों का उल्लंघन करने से रोकने के लिए परिसर में तेज गति से वाहन चलाने जैसी कुछ गतिविधियों के लिए दंडित किया जाएगा। जेएनयू सीपीओ मैनुअल में संशोधन- जेएनयू ने पिछले साल नवंबर में अपना संशोधित सीपीओ मैनुअल जारी किया था, जिसके तहत परिसर में निषिद्ध क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन करने पर 20,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है

# जोरदार मांग से सोना 200 और चांदी 425 रुपये तक उछली

इंदौर। अंतरराष्ट्रीय बुलियन वायदा मार्केट में सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस शुक्रवार देर रात सोना और चांदी में सटोरियों की कागजी सौदेबाजी की वजह से वायदा उछलकर बंद हुआ। कामेक्स पर सोना वायदा 11 डालर बढ़कर 2048 डालर प्रति औंस और चांदी 20 सेंट बढ़कर 23.18 डालर प्रति औंस पर बंद हुई। इसका असर शनिवार को भारतीय हाजिर बाजारों में देखा गया।

इंदौर में सोना कैडबरी 200 रुपये बढ़कर 63650 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी चौरसा 425 रुपये बढ़कर 73225 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। हालांकि, भारतीय बाजारों में सोना और चांदी के गहनों में वैवाहिक सीजन की मांग जोरदार बनी हुई है, जिससे भी तेजी को सपोर्ट मिल रहा। अगले सप्ताह बाजार में अच्छी चहल-पहल रहने की संभावना है।

**इंदौर में सोना-चांदी के बंद भाव**

सोना कैडबरी रवा नकद में 63650 रुपये, सोना (आरटीजीएस) 64225



रुपये तथा सोना (91.60 कैरेट) 58830 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। शुक्रवार को सोना 63450 रुपये पर बंद हुआ था। वहीं, चांदी चौरसा 73225 रुपये, चांदी टंच 73400 रुपये तथा चांदी चौरसा (आरटीजीएस) 73400 रुपये प्रति किलो बोली गई। शुक्रवार को चांदी 72800 रुपये पर बंद हुई थी।

**उज्जैन सराफा बाजार में सोना-चांदी के दाम**

सोना स्टैंडर्ड 63750 रुपये तथा सोना रवा 63650 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव रहे। वहीं, चांदी पाट 73500 रुपये तथा चांदी टंच 73400 रुपये प्रति किलो बोली गई। सिक्का 800 रुपये प्रति नग रहा।

**रतलाम सराफा बाजार में सोना-चांदी के दाम**

सोना स्टैंडर्ड 64300 रुपये तथा सोना रवा 64250 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव रहे। वहीं, चांदी चौरसा 73500 रुपये तथा चांदी टंच 73600 रुपये प्रति किलो बोली गई।

# गेहूं और चीनी निर्यात से डेस्कटॉप के आयात तक, प्रतिबंध पर सरकार ने बताया अपना स्टैंड

**नई दिल्ली।** सरकार ने यह साफ किया है कि डेस्कटॉप कंप्यूटर जैसे कुछ आईटी हार्डवेयर उत्पादों पर कोई आयात प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। वहीं, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि सरकार के सामने फिलहाल गेहूं, चावल और चीनी के निर्यात पर लगी पाबंदियां हटाने का कोई भी प्रस्ताव नहीं है। दरअसल, वाणिज्य मंत्रालय की शाखा विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने सीमा शुल्क अधिकारियों और उद्योग को एक सर्कुलर में डेस्कटॉप कंप्यूटर को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। इसके मुताबिक, आयात प्रतिबंध के दायरे में सिर्फ लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर, अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर कंप्यूटर और सर्वर शामिल हैं। इन सभी उत्पादों के



आयात की अनुमति वैध आयात प्राधिकरण के तहत दी जाती है। डेस्कटॉप कंप्यूटर में सीपीयू और मॉनिटर अलग-अलग होते हैं, लेकिन ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर में सीपीयू इकाई के भीतर ही मौजूद होता है। सर्कुलर के मुताबिक आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात पर लगा प्रतिबंध सीमा-शुल्क मद 8471 के तहत डेस्कटॉप कंप्यूटर जैसे अन्य उत्पादों पर लागू नहीं होता है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार की भाषा में, हरेक उत्पाद को एचएसएन कोड या सीमा-शुल्क मद के तहत वर्गीकृत किया जाता है। यह दुनिया भर में वस्तुओं के व्यवस्थित वर्गीकरण में मदद करता है। सीमा-शुल्क मद 8471 में ऑटोमेटिक डेटा प्रसंस्करण मशीनों और इकाइयों से संबंधित उत्पाद रखे गए हैं। इनमें एक माउस, प्रिंटर, स्कैनर और सीडी ड्राइव शामिल हैं। एक अधिकारी ने कहा कि कुछ कंपनियों ने डीजीएफटी से संपर्क किया था कि सीमा शुल्क विभाग डेस्कटॉप के आयात की अनुमति नहीं दे रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए यह स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

**अगस्त में लगा था प्रतिबंध** बता दें कि सरकार ने अगस्त, 2023 में कुछ आईटी हार्डवेयर वस्तुओं के निर्बाध आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन घरेलू और विदेशी कंपनियों की मांग पर अक्टूबर में इसने लैपटॉप और कंप्यूटर के आयात प्रतिबंधों में ढील दी। आयातकों को मात्रा और मूल्य का विवरण देकर समुचित मंजूरी लेने के बाद इन हार्डवेयर की खेप विदेश से लाने की अनुमति दे दी। गेहूं, चावल और चीनी निर्यात पर फैसला इस बीच वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा-गेहूं, चावल और चीनी पर निर्यात प्रतिबंध हटाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। इसके साथ ही भारत गेहूं और चीनी का आयात नहीं करेगा। भारत ने घरेलू स्तर पर बढ़ती कीमतों पर काबू पाने के लिए मई, 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद जुलाई, 2023 से गैर-बासमती चावल के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा हुआ है। सरकार ने अक्टूबर, 2023 में चीनी के निर्यात पर भी रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि गेहूं और चीनी के आयात की न तो कोई योजना है और न ही इसकी कोई जरूरत है।

## खेल/प्राणायाम/अरोग्य

# टीम इंडिया में वापसी करना चाहते हैं युवराज सिंह, निभाना चाहते हैं ये रोल



*कोलकाता । विश्व कप विजेता नायक युवराज सिंह ने शनिवार को संकेत दिया कि वह भारतीय क्रिकेट टीम को आने वाली चुनौतियों के लिए मानसिक रूप से तैयार करने के लिए भविष्य में 'मेंटोर' की भूमिका निभाना पसंद करेंगे। भारत पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2023 विश्व कप फाइनल में हार गया, जिससे आईसीसी ट्रॉफी का उसका इंतजार और बढ़ गया भारत ने 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तान में चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी, जबकि पिछली विश्व कप जीत 2011 में मिली थी। युवराज ने 'युवराज सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के उद्घाटन के दौरान कहा, मुझे लगता है कि हमने काफी फाइनल खेले लेकिन एक भी नहीं जीता। 2017 में मैं एक फाइनल का हिस्सा रहा, जिसमें हम पाकिस्तान से हार गए थे। उन्होंने कहा, आगामी वर्षों में हमें निश्चित रूप से इस पर काम करना होगा। बतौर देश और भारतीय टीम के तौर पर दबाव में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि कुछ चीज की कमी है, जब कोई बड़ा मैच होता है तो हम शारीरिक रूप से तैयार होते हैं लेकिन मानसिक रूप से हमें मजबूत होने की जरूरत है। युवराज ने कहा, मुझे लगता है कि युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करना, उन्हें सिखाना कि दबाव कैसे झेलते हुए अपना खेल दिखाएं। यह चुनौती रही है। हमारे पास मैच होते हैं और खिलाड़ी जो दबाव में बल्लेबाजी कर सकें लेकिन पूरी टीम को ऐसा करना चाहिए, एक या दो खिलाड़ियों को नहीं। उन्होंने कहा, मैं मार्गदर्शन करना पसंद करूंगा। आगामी वर्षों में जब मेरे बच्चे बड़े हो जाएंगे, मैं क्रिकेट को वापस देना चाहूंगा और युवाओं को बेहतर होने में मदद करना चाहूंगा। मुझे लगता है कि हम बड़े टूर्नामेंट में काफी मानसिक चुनौतियों का सामना करते हैं। मेरा मानना है कि मानसिक पहलू में मैं भविष्य में इन खिलाड़ियों के साथ काम कर सकता हूं। मुझे लगता है कि मैं इसमें योगदान दे सकता हूं, विशेषकर मध्यक्रम में।*

# मोटापे से हैं परेशान?

## वजन कम करने आसान टिप्स

*मुंबई । इस साल स्लिम फिट होने की ठान ही ली है तो एक्सरसाइज के साथ कुछ और बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है। खासतौर पर वो लोग जो दिन के 10-10 घंटे कुर्सी पर बैठकर काम में बिता देते हैं। उनके लिए कुछ देर की एक्सरसाइज के साथ कुछ और बातों का ध्यान रखना जरूरी है। जिससे कि वो ना केवल स्लिम हो जाए बल्कि फिट और हेल्दी भी रहें। जिससे कि बीमारियां पास ना फटके। दिन के वक्त जब आप काम के सिलसिले में लगातार बैठे होते हैं तो बस कुछ मिनट निकालकर इन कामों को जरूर कर लें। जिससे कि वजन घटने में तेजी आए और आप हेल्दी भी बने रहें।*

***दोपहर में पिएं ग्रीन टी***

*सुबह के वक्त ग्रीन टी पी ली या रात में ग्रीन टी पी ली। लेकिन ऑफिस में लंच के एक से दो घंटे के बाद अगर आप ग्रीन टी पीते हैं। तो ये ना केवल आपको रिफ्रेश करने और नींद को दूर भगाने में मदद करेगी। बल्कि फैट बर्न करने और मेटाबॉलिज्म बढ़ाने में भी मदद करती है। इसलिए काम के वक्त जब आप बैठे हो तो एक कप ग्रीन टी जरूर पी लें।*

***लंच के बाद वाला स्नैक***

*अक्सर जब हम काम के सिलसिले में बैठे होते हैं तो लंच के कुछ देर बाद ही अनहेल्दी स्नैक खाने लगते हैं। इस तरह की स्नैकिंग से बचने की जरूरत है। बल्कि अगर आप कुछ खाना*



*ही चाहते हैं तो ड्राई बेरीज, मखाना, नट्स, दही या छाछ जैसी चीजों को खाएं। अनहेल्दी स्नैक्स, मीठे फूड्स खाने से ना केवल वजन घटाने में दिक्कत होगी बल्कि ये आपकी एनर्जी को कुछ समय बाद डाउन कर देंगे। इसलिए हेल्दी स्नैक्स ऑप्शन को पास रखें।*

***पानी पीते रहें***

*कई बार भूख का सॉल्यूशन पानी होता है। हाइड्रेटेड रहने के मेटाबॉलिज्म सही रहता है। बल्कि डिहाइड्रेशन से एनर्जी भी कम होती है। दोपहर के वक्त पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। ये ना केवल आपको हाइड्रेट करेगा बल्कि रिफ्रेश भी रखेगा। साथ ही बॉडी फंक्शन में भी आसानी होगी। आप चाहें तो प्लेन पानी की बजाय उसे सौंफ, जीरा से फ्लेवरफुल भी बना सकती हैं। ये भी हेल्थ और वेट लॉस के लिए फायदेमंद है।*

***कुछ देर धूप है जरूरी***

*थोड़ी देर सन एक्सपोजर बेहद जरूरी है। नेचुरल सनलाइट में थोड़ी देर रहने से मूड फ्रेश होता है और एनर्जी लेवल बढ़ता है। सनलाइट बॉडी के सरकॉर्डियन रिदम को सही करती है। साथ ही विटामिन डी बॉडी को मिल जाता है। जो मेटाबॉलिज्म को सही करने और ओवरऑल हेल्थ के लिए जरूरी है। इसलिए थोड़ा वक्त निकालकर नेचुरल लाइट में जरूर रहें।*

***मूव करते रहे***

*सुबह या शाम को आप रोज एक्सरसाइज और जिम करते हैं। लेकिन इसके बावजूद दिन के वक्त जब आप लगातार बैठकर काम कर रहे हों तो थोड़ी देर बॉडी को मूव करने का मौका दें। ऑफिस का एक से दो राउंड लगा लें। पानी खुद दे लें और कोई भी मौका सीट से उठने का ना गंवाएं। इस तरह से दिन के वक्त भी आप थोड़ा सा फिजिकल एक्टिव रह सकते हैं। जिसकी मदद से आप आसानी वेट लॉस कर पाएंगे।*

# सर्वाइकल कैंसर को मात देने अब देश भर में लगेंगे टीके

*नई दिल्ली। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का संकट लगातार गहरा रहा है और इस बीमारी से निपटने के लिए सरकार अब बड़ा प्लान बना रही है। इसके तहत देश भर में 9 से 14 साल की लड़कियों को टीका दिया जाएगा। इससे उन्हें सर्वाइकल कैंसर होने की संभावनाएं कम होंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार टीकाकरण अभियान तीन साल तक अलग-अलग चरणों में चलेगा। इसी साल अप्रैल के बाद यह अभियान कभी भी शुरू हो सकता है। सूत्रों के*



*मुताबिक पहले चरण की शुरुआत के लिए सरकार को कम से कम 7 करोड़ टीकों की जरूरत है। फिलहाल सरकार इन टीकों की व्यवस्था कर रही है। इन्हें जुटाने के बाद अभियान शुरू किया जाएगा।सर्वाइकल कैंसर के टीके को भारत के हेल्थ सेक्टर के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि लड़कियों को कम उम्र में ही यदि यह टीका लग जाएगा तो प्रौढ़ा अवस्था में उन्हें सर्वाइकल कैंसर होने की संभावना कम रहेगी। महिलाओं को होने वाली कैंसर की बीमारी में सर्वाइकल वाला कैंसर सबसे ज्यादा होता है। कैंसर के इस टीके को पुणे स्थित सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया ने बनाया है।*

*बता दें कि सीरम ने ही कोरोना की प्रभावी वैक्सीन कोविशील्ड भी ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर तैयार की थी। पहले खबर थी कि 2023 के अंत तक ही सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीकाकरण शुरू हो जाएगा। हालांकि ऐसा नहीं हो सका और अब बड़े पैमाने पर टीकों का उत्पादन हो रहा है।*

# अयोध्या के लिए निकल पड़े ये रामभक्त तय करेंगे 600 किमी. का सफर



जबलपुर, अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसे लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में तैयारियां चल रही हैं। रामभक्त अपने-अपने तरीके से अयोध्या पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। जबलपुर के सिहोरा के निवासी कुछ ऐसा ही राजवीर पटेल कर रहे हैं। वे पैदल की अयोध्या के लिए निकल पड़े हैं,अयोध्या में बने भव्य मंदिर की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हो होगी। हर शख्स इस धार्मिक अनुष्ठान में अपनी आहुति देना चाहता है। हर दिन कहीं न कहीं से कोई राम भक्त अनोखे अंदाज में अयोध्या पहुंचने का प्रयास कर रहा है। ऐसे ही एक रामभक्त हैं राजवीर पटेल जो जबलपुर के सिहोरा से अयोध्या तक करीब 600 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर रहे हैं। उनकी यात्रा की तरह उनका जीवन भी खासा संघर्ष भरा रहा है।इन दिनों पूरा देश राम मय है। हर राम भक्त प्रभु की भक्ति में इस कदर लीन है कि उसे अयोध्या के राम मंदिर के अलावा कुछ नहीं दिख रहा। अयोध्या तक पैदल यात्रा कर रहे जबलपुर के सिहोरा निवासी राजवीर पटेल भी इन्हीं अनोखे लोगों में से एक हैं, जो बीते 20 सालों से श्री राम की भक्ति में लीन हैं। उनके एक हाथ में राम दरबार तो दूसरे हाथ में भगवा ध्वज है जिसे लेकर वे प्रतिदिन 40 किलोमीटर की पदयात्रा कर रहे हैं।राजवीर पटेल का लक्ष्य 22 जनवरी तक अयोध्या पहुंचने का है, जहां वे श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होना चाहते हैं। राजवीर पटेल बताते हैं कि उनकी उम्र 30 साल है और मूलरूप से जबलपुर के सिहोरा के निवासी हैं, और उनका पूरा परिवार सनातनी है और उनके पिता और बड़े पिता जो राम भक्त है और वह बचपन से उन्हे राम भजन करते देख रहे है और वह भी उन्हें देख राम भक्त बन गया और उसने जैसे ही सुना की अयोध्या में राम मंदिर बनने जा रहे है वह और उनका पूरा परिवार बहुत खुस हुआ और उसने उसी दिन सोच लिया था की जब उनके प्रभु श्री राम इस भव्य मंदिर में विराजेंगे वह पैदल ही अयोध्या के लिए निकल जायेगा और वह आ गया और वह जबलपुर के सिहोरा से अपने हाथो में भगवा लिए और कंधे में 12 से 13 किलो का बैंग लिए पैदल ही अयोध्या के लिए निकल गया और राजवीर पटेल अभी तक जबलपुर से कटनी तक पैदल यात्रा कर ली है और वह लगातार पैदल यात्रा कर अयोध्या की तरफ बड़ रहा है। राजवीर पटेल ने यह भी बताया की वह रात होते ही रास्ते में पड़ने वाले मंदिर महजिद और चर्च में विश्राम करता है और वहा के लोगो ने उसे सहयोग भी मिला रहा है। राजवीर में बताया की वह जैसे ही कटनी जिले के पीरबाबा पहुंचा तो वहां पर उसे चाय नाश्ता कराया और कुछ देर तक उसने वही पर आराम किया और वहा से फिर से अयोध्या के लिए प्रस्थान कर दिया। राजवीर को पूरे रास्ते कई लोग मिलते है और उनकी सहायता के लिए अंगे आते है और जय श्री राम के नारे के साथ उससे मुलाकात भी करते है।लाखों राम भक्तों की तरह राजवीर पटेल का सपना भी अब साकार हो रहा है, इसलिए उन्होंने पैदल यात्रा का मन बनाया। परिवार ने भी इस यात्रा में उनका सहयोग किया। वे प्रतिदिन 40 किलोमीटर पैदल चलते हैं। जबलपुर से अयोध्या तक की करीब 100 किलोमीटर की दूरी उन्होंने 2 दिनों में तय की है और 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचकर रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होना चाहते हैं। उनकी पैदल यात्रा के दौरान जगह-जगह उनका स्वागत हो रहा है. जो भी उन्हें देखता है वह श्रीराम का जयघोष लगाता है।

# बाणसागर क्रिकेट स्वर्गीय पुष्पेन्द्र सिंह पप्पू स्मृति टूर्नामेंट अबेर 16 जनवरी से



सतना, कोटर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पं.अबेर में टेनिस बाल बाणसागर क्रिकेट स्व. पुष्पेन्द्र सिंह पप्पू स्मृति टूर्नामेंट सीजन-5 का शुभारंभ बाणसागर विद्युत मंडल के मैदान में 16 जनवरी से, समिति के संरक्षक सूरजभान सिंह ने बताया कि बाणसागर क्रिकेट मैदान में होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट में संभाग स्तर की 16 टीमें भाग लेती हैं, विजेता टीम को 31 हजार रुपए नगर और उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए नगद पुरस्कार दिया जाता है, मैच 20-20 ओवर के होंगे, यहां नॉकआउट मैच खेले जाते हैं, प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच दिया जाता है। आयोजन ग्राम पं. अबेर संरक्षक सूरजभान सिंह, एड. उपेंद्र सिंह, चक्रधर सिंह, श्रीधर सिंह गुड्डा, शिव प्रताप सिंह, अभयराज रावत, श्रीमती विमला सिंह, रवि प्रताप सिंह, इंजी. विकास सिंह, संदीप सिंह, संजय तिवारी, नरेंद्र पांडे, पुष्पेंद्र सिंह, नीरज सिंह, डॉ. सत्येंद्र सिंह, सत्यभान सिंह, संतोष, मनभान, सत्येंद्र, विपिन, गोलू, आकाश, ज्ञानेंद्र, शिबू, पहलाद, वीरेंद्र, सागर, रवि, अतुल, संदीप,प्रिंस, विक्रेम, नैतिक, आशीस, पुष्पेंद्र, दीपक, अंकित, गौरव, ठाकुर, शुभम, दालप्रताप, गरुण, दानवीर सहित अन्य लोग मौजूद हैं।

# पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने शहडोल में मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन..!



## श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून पर गंभीरता से विचार करने एवम् छतरपुर सम्मेलन में आने का मुख्य मंत्री ने दिया आश्वासन..!

शहडोल, मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष साथी शलभ भदौरिया के निर्देश पर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष साथी मो0अली के अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को आगामी 31मार्च एवं 1अप्रेल को छतरपुर में आयोजित 2 दिवसीय प्रान्तीय सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि शामिल होंने का आमंत्रण दिया। जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मेलन में पहुँचने का प्रयास करूंगा। साथ ही एक ज्ञापन शहडोल संभागीय इकाई द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने हेतु सौंपा।जिसमे पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र लागू करने की मांग की गई जिस पर मुख्यमंत्री जी ने ज्ञापन पर कहा कि गंभीरता से विचार कर कार्यवाही करायेंगे। ज्ञापन सौंपने वालो में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष साथी मो0अली,शहडोल संभगीय अध्यक्ष साथी राहुलसिंह राणा,संभागीय महासचिव साथी कृष्णा तिवारी,शहडोल जिला इकाई के अध्यक्ष साथी गजेंद्र सिंह परिहार मौजूद थे।



*राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह आगामी 22 जनवरी को प्रस्तावित है। समारोह के लिए अयोध्या के साथ साथ देशभर में तमाम तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए अतिथियों के लिए निमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह जितना भव्य होगा, इसका निमंत्रण पत्र भी उतना ही ख़ास है। बालरूप विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देश विदेश के कुछ हजार लोगों को शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कटनी जिले से विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक को यह सौभाग्य मिल है। संघ के प्रांत प्रचारक एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारियों द्वारा संजय पाठक के हाथो में हल्दी के चावल देते हुए निमंत्रण पत्र देते हुए निमंत्रित किया गया है। 22 तारीख को संजय पाठक इस ऐतिहासिक गरिमामयी धार्मिक आयोजन के साक्षी बनेंगे। निमंत्रण मिलने के बाद संजय पाठक ने कहा कि भगवान श्रीराम के भवन के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में निमंत्रित होना मेरे लिए किसी सौभाग्य से कम नहीं है। इस खूबसूरत और पवित्र निमंत्रण पत्र को हाथों में लेते ही मैं अपने आप कों सौभाग्यसाली मानता हूँ कि भव्य श्री राममंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सहभागी बनने का पुण्य लाभ प्राप्त हुआ।*

# रेत माफिया अवैध उत्खनन के वीडियो बहुप्रसारित कर दे रहे चुनौती

*मुख्य सचिव वीरा राणा ने चंबल नदी से होने वाले अवैध उत्खनन पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन को अवैध रेत उत्खनन पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद मुरैना जिले को एसएएफ जवानों की एक कंपनी भी दी गई है और पुलिस थाने भी अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध रेत के स्टाकों की छानबीन व उन्हें नष्ट करने में जुट गए हैं। इन सबके इतर हकीकत यह है, कि रेत माफिया को प्रशासन का रत्तीभर डर नहीं। चंबल नदी के घाटों से अभी भी अंधाधुंध तरीके से रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है। रेत माफिया को किसी कार्रवाई डर तो छोड़िए, उल्टा यह अवैध रेत उत्खनन की वीडियो व रील बनाकर इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित कर रहे हैं। ऐसा की एक वीडियो दो से तीन दिन से सोशल मीडिया पर बहुप्रसारित हैं, जिसमें चंबल नदी किनारे अवैध रेत उत्खनन व अवैध रेत से भरे सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्राली नजर आ रहे हैं। वीडियो में जहां तक नजर जा रही है, वहां तक अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्राली नजर आ रहे हैं। यह तो किसी एक घाट का नजारा है, जिले में ऐसे 3मुरैना पुलिस ने अवैध रेत के स्टाक और परिवहन पर कार्रवाई तेज कर दी है। इस क्रम में चिन्नौनी थाना पुलिस ने शुक्रवार की शाम बीहड़ में तीन जगह मिले अवैध रेत के स्टाक को नष्ट करवाया। पांच घंटे से ज्यादा चली कार्रवाई में पुलिस ने 300 ट्राली रेत को मिट्टी में मिलवाकर नष्ट करवाया है। दरअसल, कैलारस एसडीओपी रवि सोनेर को मुखबिर से सूचना मिली, कि चंबल नदी के होराबरा घाट से रेत का अवैध उत्खनन होता है, यहां से निकाले जा रहे रेत को होराबरा घाट से कुछ दूरी पर बीहड़ क्षेत्र में ही स्टाक करके रखा गया है। इस सूचना पर एसडीओपी सोनेर ने चिन्नौनी थाना प्रभारी शनि कुमार को कार्रवाई के लिए भेजा। चिन्नौनी थाना टीम ने होराबरा घाट के बास बीहड़ क्षेत्र में तीन जगहों पर रेत के स्टाक चिन्हित किए। इसके बाद जेसीबी मशीन से अवैध रेत के स्टाक को नष्ट करवाया।*

# मुरैना में सुबह 9 बजे अचानक छाया घना कोहरा फिर हाईवे पर जो हुआ मच गया हाहाकार

मुरैना। कड़ाके की ठंड के बीच अचानक छाया कोहरे में नेशनल हाईवे पर एक के बाद एक वाहन टकराते चले गए। शनिवार की सुबह यह हादसा नेशनल हाईवे 44 पर मुरैना व नूराबाद के बीच हुआ। गनीमत यह रही, कि इस भीषण हादसे में कोई गंभीर घायल नहीं हुआ, लेकिन हाईवे की एक साइड पर दो घंटे से ज्यादा देर तक आवागमन बाधित रहा।

शनिवार की सुबह से आसमान साफ था। सुबह 7 बजे से धूप की चमक बिखरना शुरू हुई, लेकिन साढ़े 8 बजे के बाद अचानक मौसम ने करवट ली और कोहरा छाने लगा। कोहरे का सबसे ज्यादा असर चंबल नदी किनारे, बीहड़ क्षेत्र और नेशनल हाईवे पर वहां सबसे ज्यादा था जहां, नदी, नहर और फसलों से लहलहाते खेत थे। कोहरा इतना घना था कि 15 से 20 मीटर दूर की चीजें भी धुंध में दिखाई देना बंद हो गया।

**एक के बाद एक भिड़े कई वाहन** इसी घने कोहरे मे सुबह 9 बजे के करीब नेशनल हाईवे पर करुआ मोड़ के पास मुरैना से ग्वालियर जाने वाली साइड पर वाहन टकराते चले गए। सबसे पहले दो ट्रक भिड़े, जिसमें आगे जा रहे ट्रक को पीछे से रफ्तार में आए ट्रक ने टक्कर मार दी। टकराने के बाद हाईवे पर खड़े ट्रकों में दिल्ली से ग्वालियर की ओर जा रही इनोवा कार टकरा गई। कार के सवार कुछ समझ पाते तभी उनकी कार को पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे इनोवा कार आगे-पीछे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे के कारण हाईवे की एक साइड बुरी तरह जाम हो गई, जिससे वाहनों की कतार दूर तक लग गई। जाम खुलवाने के लिए एक लेन से दोनों ओर के वाहन निकालना शुरू किया, इसके बाद क्रेन मशीन की मदद से फंसे हुए ट्रकों को साइड में किया, इसके बाद 11 बजे के बाद हाईवे पर आवागमन बहाल हो सका।

**बीती रात सबसे ठंडी, दिन में धूप ने दी राहत** बीती शुक्रवार-शनिवार की रात इस सीजन की सबसे सर्द रात रही, जब न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं अधिकतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह साढ़े आठ बजे से अचानक छाया कोहरा डेढ़ घंटे बाद साफ हो गया, इसके बाद सूरज ने खुलकर अपनी चमक बिखेरी। धूप की तपन ने दिन के समय सर्दी से खूब राहत दी, लेकिन शाम होते-होते सर्द हवा ने फिर लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। शाम 5 बजे से कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोग अलाव व हीटर जलाकर हाथ सेंकते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार आसमान साफ होने के कारण दिन और रात के तापमान में अभी और गिरावट हो सकती है। उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी के कारण शीत लहर का असर भी और बढ़ेगा।



# राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष पर महाआरती का हुआ आयोजन

सतना, शहीद पदमधर सिंह शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैं विशाल महाआरती का आयोजन संपन्न हुआ बताते चले अयोध्या का भव्य रामलला मंदिर बनकर तैयार हो चुका है और प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी के दिन होगी सनातन धर्म में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती हैं और राममंदिर राम दरबार स्थापना हिंदुओं के लिए साक्षात ऐश्वर्यता स्वरूप साबित होगी इसके उपलक्ष्य पर महाविद्यालय में विशाल महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें डिग्री महाविद्यालय के प्रबंधन प्राचार्य छात्र-छात्र जनप्रतिनिधि , विहिप पदाधिकारी, एवं समाज सेवक सभी रामभक्त शामिल हुए इस कार्यक्रम में सम्मिलित : मध्य प्रदेश राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, महाविद्यालय समस्त प्रबंधन प्राचार्य , नागेश्वरअग्रवाल क्रांति राजोरिया राजबहादुर मिश्रा सोनाक्षी सिंह बजरंगी आदर्श सचिनशुक्ला अंशुतिवारी नारायण अजय विकास युवराज सूर्यांशु सहित संगठन समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता व महाविद्यालय विद्यार्थी मौजूद रहे.

# कोलंबिया में भूस्खलन ने मचाई तबाही, 18 लोगों की गई जान



**इंटरनेशनल डेस्क :**कोलंबिया में शुक्रवार को एक शक्तिशाली भूस्खलन में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। चोको विभाग की सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। कोलंबिया के उपराष्ट्रपति फ्रांसिया माकेर्ज़ ने प्रारंभिक रिपोटरं का हवाला देते हुए एक्स पर कहा कि भूस्खलन चोको विभाग की राजधानी क्विब्दो और एंटिओक्विया विभाग की राजधानी मेडेलिन के बीच एक सड़क पर हुआ, जिसमें अनेक लोग और वाहन फंस गए। राष्ट्रीय आपदा जोखिम प्रबंधन इकाई (यूएनजीआरडी) ने एक बयान में कहा, घायल हुए कम से कम 35 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने इस घटना को एक''भयानक त्रासदी' बताया और अधिकारियों से आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए हरसंभव प्रयास करने को कहा। यूएनजीआरडी ने कहा कि कोलंबियाई एयरोस्पेस फोर्स (एफएसी) ने घायलों को ले जाने के लिए एक हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया और 82 बचाव इकाइयां प्रभावित क्षेत्र में भेजी गईं। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि आपदा से पहले, लगभग 50 लोग एक घर में तेज बारिश से बचने के लिए शरण ले रहे थे, जो अचानक भूस्खलन से दब गया। यूएनजीआरडी ने कहा है कि बचाव के प्रयास जारी है और पीड़ितों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

# हमारी बेटी सीता और दामाद राम अपने घर में प्रवेश करने वाले हैं', पूर्व उपप्रधानमंत्री ने कही यह बात



**इंटरनेशनल डेस्क :** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले नेपाल के जनकपुर में कई सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के साथ उत्सव मनाया जाएगा। जनकपुर को भगवान राम की पत्नी सीता का जन्मस्थान माना जाता है। सीता का दूसरा नाम जानकी है, जो जनकपुर के राजा जनक की पुत्री थीं। यह काठमांडू से 220 किलोमीटर दक्षिणपूर्व और अयोध्या से लगभग 500 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री बिमलेंद्र निधि ने शनिवार को कहा, %%हमारी बेटी, माता जानकी का विवाह भगवान श्री राम से हुआ था। हम बहुत उत्साहित और गौरवान्वित हैं कि अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। जब भारत के उच्चतम न्यायालय ने (अयोध्या मामले में) अपना अंतिम फैसला सुनाया तो जनकपुर के लोग बहुत खुश थे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह दो परिवारों का मिलन इसके अलावा, जनकपुर में मां जानकी मंदिर के मुख्य पुजारी तपेश्वर दास ने बताया कि अयोध्या का प्राण प्रतिष्ठा समारोह दो परिवारों का मिलन है। जनकपुर से चांदी के जूते, आभूषण और पोशाक सहित 3,000 से अधिक उपहार अयोध्या भेजे गए हैं।

# राहुल गांधी आज से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करेंगे




**नेशनल डेस्क :** कांग्रेस रविवार से राहुल गांधी के नेतृत्व में मणिपुर से %भारत जोड़ो न्याय यात्रा% शुरू करेगी जिसके जरिये उसका प्रयास होगा कि लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को विमर्श के केंद्रबिंदु में लाए जाए। यह यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर की राजधानी इंफाल के निकट थोबल से शुरू होगी और मार्च के तीसरे सप्ताह में मुंबई में इसका समापन होगा। कांग्रेस का कहना है कि लोकसभा चुनाव से पहले निकाली जा रही यह यात्रा 67 दिन में 15 राज्यों और 110 जिलों से होकर गुजरेगी। कोरोना वायरस के 441 मामले आए भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 441 नए मामले सामने आए हैं जबकि उपचाराधीन मामलों की संख्या गिरकर 3,238 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में किसी मरीज की मौत नहीं हुई। पिछले साल पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक तक आ गई थी, लेकिन ठंड और वायरस के नए उपस्वरूप जेएन.1 के कारण मामलों में तेजी आई है। खरगे से मिलने पहुंचे अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मिलने उनके आवास पहुंचे हैं। राहुल गांधी भी खरगे के आवास पर मौजूद हैं। जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि,क्क ने कांग्रेस को पंजाब में 6 सीटें ऑफर की हैं, जबकि दिल्ली में दो सीटों से अधिक देने को राजी नहीं हैं। वहीं, गुजरात, हरियाणा और गोवा में ,क्क ने 1-1 सीट की मांग की है। मां जमीन पर लिटाकर कर रही थी मजदूरी मध्य प्रदेश में भोपाल के अयोध्या नगर क्षेत्र में मजदूरी करने आए परिवार के सात माह के बच्चे को कुत्तों ने नोच-नोचकर मार डाला। घटना के समय मां बच्चे को जमीन पर लिटाकर पास में ही मजदूरी कर रही थी। अयोध्या नगर पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक महेश निलहारे ने बताया कि घटना बुधवार दोपहर की है। पत्नी ने रचा ली पांचवीं शादी इंदौर में एक पति ने पत्नी की बेवफाई से दुखी होकर आत्मदाह कर लिया। युवक ने ससुरालवालों के घर के सामने खुद पर पेट्रोल छिड़का और आग लगा ली। आग से उसका शरीर लगभग 80त्न से ज्यादा झुलस गया। जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसने घटना के 9 दिन बाद तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया। घटना 4 जनवरी की बताई जा रही है।

# अर्जुन देशवाल ने लगाया पीकेएल का 44वां सुपर-10 जयपुर पिंक पैंथर्स ने रोका पुणेरी पलटन का विजय रथ

**इंटरनेशनल डेस्क :**पहले हाफ में नौ प्वॉइंट से पीछे होने के बाद मौजूदा चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स ने दूसरे हाफ में शानदार कमबैक करते हुए अपने घर में लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ली। जयपुर पिंक पैंथर्स ने अपने कप्तान अर्जुन देशवाल के शानदार प्रदर्शन के दम शनिवार को यहां जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 10वें सीजन के 69वें मैच में पुणेरी पलटन को 36-34 से हरा दिया। जयपुर के लिए कप्तान अर्जुन देशवाल ने 16 अंक जुटाए और इस सीजन का आठवां सुपर-10 लगाया। उनके अलावा सुनील कुमार ने अपना हाई-5 पूरा किया। पुणेरी की ओर से कप्तान असलम इनामदार ने आठ अंक लिए। रोमांचक जीत के बाद भी मौजूदा चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स दूसरे पायदान पर कायम है। टीम के अब 12 मैचों में आठ जीत हो गई है और उसके 48 अंक हो गए हैं। वहीं, पुणेरी पलटन को 12 मैचों में दूसरी हार मिली है। टीम अभी भी 52 अंकों के साथ पहले पायदान पर विराजमान है। टीम ने पिछले नौ मैचों में यह पहली हार है। नंबर-1 और नंबर-2 की इस जंग में सीजन 9 की फाइनलिस्ट जयपुर पिंक पैंथर्स और पुणेरी पलटन की टीम अपनी बेस्ट स्टार्टिंग 7 के साथ मैट पर उतरी। दोनों टीमों के बीच शुरुआती कुछ मिनटों में कड़ा मुकाबला देखने को मिला और इस वजह से वे पहले पांच मिनट तक 5-5 की बराबरी पर थी। अगले ही मिनट में कप्तान अर्जुन देशवाल ने सुपर रेड के साथ जयपुर को तीन प्वॉइंट से आगे कर दिया। पैंथर्स ने अगले पांच मिनट तक भी तीन प्वॉइंट की लीड को कायम रखा।पुणेरी पलटन ने इसके बाद वापसी करनी शुरू कर दी। टीम ने 14वें मिनट में मुकाबले को 11-11 की बराबरी पर ला दिया। दो मिनट बाद ही पुणेरी ने तीन प्वॉइंट की बढ़त बना ली। पुणेरी ने इसके बाद 17वें मिनट में जयपुर पिंक पैंथर्स को ऑल आउट करके सात अंकों की बढ़त हासिल कर ली। पुणेरी पलटन ने फिर 20-11 के स्कोर के साथ नौ प्वॉइंट की लीड ले ली और पहले हाफ की समाप्ति की। जयपुर पिंक पैंथर्स ने हालांकि दूसरे हाफ के शुरुआत में कुछ अंक अंक लेने कोशिश की। 25वें मिनट में अर्जुन देशवाल ने सुपर रेड करके जयपुर के लिए प्वॉइंट लेना जारी रखा। अर्जुन ने इसके साथ ही पीकेएल में अपने 800 रेड प्वॉइंट भी पूरे कर लिए। अर्जुन के इस निशाने से पुणेरी की लीड घटकर पांच प्वॉइंट की रह गई। अर्जुन देशवाल ने इसके साथ ही इस सीजन का अपना आठवां और पीकेएल का 44वां सुपर-10 भी पूरा कर लिया। 28वें मिनट में जयपुर पिंक पैंथर्स ने पुणेरी को ऑल आउट करके मुकाबले में एक प्वॉइंट की लीड हासिल कर ली। मौजूदा चैंपियन के पास 30वें मिनट तक दो प्वॉइंट की लीड आ चुकी थी और स्कोर 25-23 से उसके पक्ष में था। 33वें मिनट में अर्जुन ने एक बार फिर से पुणेरी को ऑल आउट की ओर धकेल दिया। लेकिन आदित्य शिंदे ने पुणेरी को ऑल आउट होने से बचा लिया।

# इटली की ऐतिहासिक इमारत में हो रही थी शादी अचानक मच गई चीख-पुकार, 30 लोग घायल



**रोम:** इटली में टस्कनी क्षेत्र के पिस्तोइया शहर के पास एक ग्रामीण इलाके में बनी सदियों पुरानी एक ऐतिहासिक इमारत की छत विवाह समारोह के दौरान ढह गई, जिससे 30 लोग घायल हो गए। गवर्नर यूजेनियो गियानी ने 'टेलीग्राम% ऐप पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि छत ढह जाने से 30 लोग घायल हो गए जिनमें से पांच की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि समारोह पहाड़ की एक चोटी पर बने एक रेस्तरां में आयोजित किया जा रहा था, जो 15वीं शताब्दी में कॉन्वेंट (ईसाई धर्म के लोगों का आश्रम) हुआ करता था। गर्वनर ने बताया कि घायलों को इलाके के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इटली की समाचार एजेंसी 'एएनएसए% ने बताया कि दमकल कर्मियों ने लोगों को मलबे से बाहर निकाला। किसी के लापता होने की जानकारी नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि छत ढहने के कारण का पता लगाया जा रहा है।

# पीएम मोदी ने तय की मिलिंद देवरा के इस्तीफे की टाइमिंग, कांग्रेस का आरोप





**नेशनल डेस्क :** कांग्रेस ने अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू होने से कुछ घंटे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवरा द्वारा पार्टी से इस्तीफा दिए जाने पर रविवार को आरोप लगाया कि त्यागपत्र की घोषणा का समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तय किया गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि गत शुक्रवार को ही उनकी देवरा के साथ फोन पर बातचीत हुई थी और वह पार्टी नेता राहुल गांधी से मिलना चाहते थे क्योंकि वह अपनी पूर्व की लोकसभा सीट (दक्षिण मुंबई) को लेकर चिंतित थे। दक्षिण मुंबई से फिलहाल शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के अरविंद सावंत सांसद हैं। जयराम रमेश ने आरोप लगाया, ''मिलिंद देवरा के इस्तीफे की घोषणा का समय स्पष्ट रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तय किया गया है। रमेश ने कहा, देवरा ने शुक्रवार सुबह 8ः52 बजे मुझे मैसेज किया और फिर उसी दिन दोपहर 2ः47 बजे मैंने जवाब दिया और पूछा कि क्या आप पार्टी छोड़ने की योजना बना रहे हैं? फिर 2ः48 बजे उन्होंने एक संदेश भेजा कि क्या आपसे बात हो सकती है? मैंने उनसे कहा कि आपको कॉल करूंगा और फिर उसी दिन मैंने 3ः40 बजे उनसे बात की। कांग्रेस महासचिव ने दावा किया, उन्होंने (देवड़ा) मुझसे कहा कि उन्हें चिंता है कि यह सीट (दक्षिण मुंबई) शिवसेना (यूबीटी) की सीट है, वह राहुल गांधी से मिलना चाहते हैं

# मकर संक्रांति के अवसर पर भव्य नमो पतंग उत्सव आयोजित करेंगे सांसद संजय सेठ



**रांची**- झारखंड में भाजपा के रांची से सांसद संजय सेठ आज यानी 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर भव्य पतंग उत्सव का आयोजन रातू रोड स्थित ओटीसी मैदान हेहल में दिन के 11ः00 करेंगे।यह आयोजन इस बार रातू रोड स्थित ओटीसी मैदान में होगा बता दें कि सांसद सेठ द्वारा विगत 16 सालों से यह आयोजन किया जा रहा है। 16 साल पूर्व जब पतंग उत्सव का आयोजन किया गया था तब स्वामी रामदेव बाबा के द्वारा इसकी शुरुआत की गई थी उसके बाद से लगातार सांसद संजय सेठ के नेतृत्व में यह आयोजन होता आ रहा है। मूलत यह कार्यक्रम मोराबादी में आयोजित की जाती है परंतु इस वर्ष मैदान में खादी मेला लगे होने के कारण यह आयोजन इस बार रातू रोड स्थित ओटीसी मैदान में आयोजित की गई है। प्रतियोगिता के उपरांत वितरण किया जाएगा चूड़ा गुड सांसद सेठ ने कहा कि बच्चों के बीच पतंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही पतंग पर राम मंदिर एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चित्र वाली पतंग विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। साथ ही विभिन्न पतंगों की प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। सांसद सेठ ने कहा कि प्रतियोगिता के उपरांत चूड़ा गुड का का वितरण किया जाएगा। मकर संक्रांति के अवसर पर भव्य नमो पतंग उत्सव आयोजित करेंगे सांसद संजय से झारखंड में भाजपा के रांची से सांसद संजय सेठ आज यानी 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर भव्य पतंग उत्सव का आयोजन रातू रोड स्थित ओटीसी मैदान हेहल में दिन के 11ः00 करेंगे।यह आयोजन इस बार रातू रोड स्थित ओटीसी मैदान में होगा बता दें कि सांसद सेठ द्वारा विगत 16 सालों से यह आयोजन किया जा रहा है। 16 साल पूर्व जब पतंग उत्सव का आयोजन किया गया था तब स्वामी रामदेव बाबा के द्वारा इसकी शुरुआत की गई थी उसके बाद से लगातार सांसद संजय सेठ के नेतृत्व में यह आयोजन होता आ रहा है। मूलत यह कार्यक्रम मोराबादी में आयोजित की जाती है परंतु इस वर्ष मैदान में खादी मेला लगे होने के कारण यह आयोजन इस बार रातू रोड स्थित ओटीसी मैदान में आयोजित की गई है। प्रतियोगिता के उपरांत वितरण किया जाएगा चूड़ा गुड सांसद सेठ ने कहा कि बच्चों के बीच पतंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही पतंग पर राम मंदिर एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चित्र वाली पतंग विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। साथ ही विभिन्न पतंगों की प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। सांसद सेठ ने कहा कि प्रतियोगिता के उपरांत चूड़ा गुड का का वितरण किया जाएगा।

# ओक्लाहोमा के मेट्रो में भूकंप के झटके महसूस किए गए, 4.4 रही तीव्रता




**नेशनल डेस्क :** अमेरिका के ओक्लाहोमा शहर के समीप भूकंप के छह झटके महसूस किए गए, जिनमें से दो की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर चार से अधिक रही। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। एडमंड के समीप शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे के तुरंत बाद 4.1 तीव्रता का भूकंप का झटका आया। वहीं, शुक्रवार रात को लगभग नौ बजकर 45 मिनट पर 4.4 की तीव्रता वाला भूकंप का झटका महसूस किया गया। एडमंड शहर के प्रवक्ता बिल बेगली ने बताया कि भूकंप से किसी के घायल होने या कोई महत्वपूर्ण क्षति की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि जांचकर्ता इलाके का पूरी तरह से निरीक्षण करेंगे। यूएसजीएस ने शुक्रवार रात और शनिवार तड़के ओक्लाहोमा शहर के उत्तर-पूर्व में लगभग 24 किलोमीटर के क्षेत्र में चार बार भूकंप के झटके दर्ज किए, जिनकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.5 से 3.2 रही।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569